हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर, शुक्रवार 7 फरवरी 2025
नगर संस्करण
वर्षः 01,अंक:266
RNI No. : JHAHIN - 01092
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
rashtrasamvad.com

**सुविचार**

लोग तो आते जाते रहेंगे आप अपने काम में एक बार सफलता तो प्राप्त करिए ।

## नवोदय विद्यालय परिसर में छात्र का शव बरामद

**राष्ट्र संवाद संवाददाता, गिरिडीह।** जिले के गाण्डेय क्षेत्र में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के परिसर में गुरुवार को पुलिस ने 11 वीं कक्षा के एक छात्र का शव संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से झूलता हुआ बरामद किया । स्कूल परिसर में छात्र का शव मिलने के बाद कई प्रकार की चर्चा है । मृतक छात्र की पहचान राम कुमार यादव के रूप में की गई है जो जिले के धनवार थाना इलाके के भरोना गांव का रहने वाला है। सुबह लोगों को खबर मिली कि 11वीं के एक छात्र रामकुमार यादव का शव पेड़ से झूल रहा है जिसके बाद आसपास के लोग स्कूल परिसर पहुंचे, इस खबर की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने गांडेय थाना प्रभारी आनंद सिंह को दी। इसके बाद मौके पर गांडेय थाना पुलिस पहुंची । हालांकि अबतक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि मृतक छात्र ने फंदे से लटकर खुदकुशी की है या उसकी हत्या की गई है।

इस पूरे मामले में हर बिन्दु पर पुलिस जांच- पड़ताल कर रही है । गांडेय थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उन्होंने बताया कि मृतक छात्र राजकुमार यादव के शरीर पर किसी तरह की कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकता है। परिजनों के आवेदन दिए जाने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई जाएगी।

## राहुल बोले : संघ अपना विचार थोपना चाहती है

### इनका इरादा राज्यों के इतिहास और संस्कृति को खत्म करना, देश इसे स्वीकार नहीं करेगा



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) के नए मसौदा नियमों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा देशभर में ऋस्र का एजेंडा चलाना चाहती है। वे एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपना चाहते हैं। राहुल ने कहा, RSS का मकसद देश की अलग-अलग संस्कृतियों और इतिहासों को खत्म करना है। वे संविधान पर हमला करके अपने विचार को थोपना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि हर राज्य की अपनी भाषा, संस्कृति और इतिहास है। इन्हीं से मिलकर भारत बना है। तमिल लोगों का अपना इतिहास और परंपरा है। ऐसे नियम लाना तमिल समेत हर राज्य का अपमान है, जहां आरएसएस अपनी हुकूमत चलाना चाहता है। कांग्रेस ने UGC के नए नियमों को तानाशाही और संविधान विरोधी बताया और इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग की। दरअसल, DMK ने दिल्ली के जंतर मंतर पर UGC के नए नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

### राज्यसभा में मोदी की 92 मिनट की स्पीचः

# कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है : प्रधानमंत्री

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर परिवारवाद, तुष्टीकरण की राजनीति, जाति, संविधान, भ्रष्टाचार और लाइसेंसराज को लेकर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। राज्यसभा में राष्ट्पति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्पति का अभिभाषण भविष्य का मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर वोट हासिल करने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास हम सभी का दायित्व है, लेकिन कांग्रेस से इसकी उम्मीद करना बड़ी भूल है। पूरी पार्टी सिर्फ़ एक परिवार के लिए समर्पित है और इसलिए उसके लिए सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य के साथ काम करना असंभव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मंत्र हमेशा दूसरे की लकीर छोटी करना रहा। इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया। किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसे अस्थिर कर दिया। उन्होंने जो ये रास्ता चुना है उसके चलते लोकसभा चुनाव के बाद उनके साथ जो थे, वे भी भाग रहे हैं। लाइसेंस राज को कांग्रेस की पहचान बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में लाइसेंस परमिट राज ने भारत की



प्रगति को नुकसान पहुंचाया, रिश्वतखोरी बड़े पैमाने पर थी। कांग्रेस के एक पूर्व वित्त मंत्री ने माना था कि लाइसेंस परमिट के बिना कोई काम नहीं होता और उन्होंने ये भी कहा था कि लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं होता है। इस सदन में कांग्रेस के सदस्य मौजूद हैं, जिनके पिताजी के पास खुद के पैसे थे और वो कार खरीदना चाहते थे, लेकिन 15 साल तक उन्हें कार खरीदने के लिए इंतजार करना पड़ा था।

### अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन पर संसद में हंगामा

## विपक्षी नेताओं ने हथकड़ी पहनकर सदन के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के पांचवें दिन अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन मुद्दे पर संसद में जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने सरकार शर्म करो के नारे लगाए। इसके बाद दोनों सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया गया। विपक्षी सांसदों ने मकर द्वार पर हथकड़ी लगाकर प्रदर्शन भी किया। दरअसल, अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे 104 अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर अमृतसर के गुरु रविदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा था। इस दौरान नागरिकों के हाथ में हथकड़ी और पैरों में चेन बांधी गई थी। इसकी तस्वीरें सामने आने के बाद देशवासियों में आक्रोश है। जब की केंद्र की मोदी सरकार ने चुप्पी साध ली है।विपक्षी सांसदों ने इसी दुर्व्यवहार को लेकर संसद में प्रदर्शन किया। कुछ सांसद हाथों में हथकड़ी पहने नजर आए। पोस्टर भी लहराए जिसमें लिखा था- बेड़ियों में हिंदुस्तान, नहीं सहेंगे ये अपमान।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने एक ट्वीट में लिखा कि, अमेरिका से भारतीय नागरिकों को जिस अमानवीय तरीके से भारत भेजा गया है। उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में जंजीर थी। ये बेहद ही शर्मनाक है। ये विश्व पटल पर भारत और भारतीयों का अपमान है। आज INDIA गठबंधन के नेताओं ने इस गंभीर मुद्दे पर नरेंद्र मोदी और



उनकी सरकार की खामोशी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि बहुत बात की गई थी कि मोदी जी और ट्रम्प जी बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उनको हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भेजा जाए? ये कोई तरीका है। प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा- जो लोग भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना दिखा रहे थे, वे अब चुप क्यों हैं? भारतीय नागरिकों को गुलामों की तरह हथकड़ी लगाकर और अमानवीय परिस्थितियों में भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय क्या कर रहा है? विपक्ष को संसद में इस मुद्दे पर चर्चा करने दे।

## निर्वासन प्रक्रिया कोई नई बात नहीं : अमेरिका से 104 भारतीयों की वापसी पर संसद में बोले विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि अमेरिका की तरफ अवैध भारतीय प्रवासियों को निर्वासित करने की प्रक्रिया कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह कई वर्षों से चल रही है। विदेश मंत्री ने कहा, यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाए। उन्होंने कहा, हम अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वापस लौटने वाले निर्वासितों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो।बता दें 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों के पहले जत्थे को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को पंजाब के अमृतसर पहुंचा।इनमें सबसे ज्यादा 33-33 लोग हरियाणा और गुजरात से हैं।कुल 30 निर्वासित लोग पंजाब के निवासी थे।अमेरिकी सेना का सी-17 विमान कड़ी सुरक्षा के बीच श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरा।इनमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से तीन-तीन और चंडीगढ़ से दो लोग हैं। निर्वासित लोगों में 25 महिलाएं और 12 नाबालिग शामिल हैं, जिनमें सबसे कम उम्र का यात्री सिर्फ चार साल का है।48 लोग 25 साल से कम उम्र के हैं।मंगलवार को टेक्सास से उड़ान भरने वाले इस विमान में 11 चालक दल के सदस्य और निर्वासन प्रक्रिया की निगरानी करने वाले 45 अमेरिकी अधिकारी भी सवार थे।प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, भारत से लगभग 7,25,000 अवैध अप्रवासी अमेरिका में रहते हैं। मेक्सिको और अल साल्वाडोर के बाद अनधिकृत अप्रवासियों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी भारतीय लोगों की है।

## भारत को 2025 में मिलेगी एस-400 की चौथी स्क्वाड्रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को S-400 एयर डिफेंस सिस्टम का चौथा स्क्वाड्रन साल 2025 के अंत तक मिल सकता है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर तक S-400 स्क्वाड्रन भारत आ जाए। वहीं पांचवां और अंतिम स्क्वाड्रन 2026 में मिलने की उम्मीद है। भारत और रूस के बीच 2018 में स्-400 के पांच स्क्वाड्रन के लिए 35 हजार करोड़ की डील फाइनल हुई थी। इसमें से 3 स्क्वाड्रन चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। 2 का आना बाकी है। S-400 स्क्वाड्रन में 16 व्हीकल शामिल होते हैं, जिनमें लॉन्चर, रडार, कंट्रोल सेंटर और सहायक वाहन शामिल हैं। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है और टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है। भारतीय सेना ने जुलाई 2024 में मिसाइल की प्रैक्टिस की थी, 80% टारगेट सटीक रहे इंडियन एयरफोर्स ने जुलाई 2024 में एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की वॉर प्रैक्टिस की थी।



### म.प्र. में वायुसेना का लड़ाकू विमान हो गया क्रैश

## जलकर हुआ खाक,दोनों पायलटों ने खुद को कर लिया था इजेक्ट

**शिवपुरी ,एजेंसी।** मध्य प्रदेश में शिवपुरी के पास गुरुवार को सेना का एक ट्विन-सीटर मिराज 2000 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त यह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था और इसमें दो पायलट सवार थे। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलटों ने खुद को विमान से इजेक्ट (झटके से बाहर निकलना) कर लिया था। जिसकी वजह से दोनों पायलट सुरक्षित हैं और मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं। उन्हें ले जाने के लिए मौके पर एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर पहुंचा, जिसके बाद दोनों को ग्वालियर ले जाया गया। विमान एक खेत में क्रैश हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई और वो जलकर खाक हो गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायल पायलटों को सुरक्षित दूर करते हुए अस्पताल पहुंचाने में मदद की। इस बारे में जानकारी देते हुए रक्षा अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट



ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया जा रहा है, साथ ही अधिक जानकारी का इंतजार है। यह विमान शिवपुरी जिले के करैरा थाना इलाके के बहरेटा सानी गांव के पास क्रैश हुआ। घटना के बाद घायल पायलट की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वह मोबाइल पर किसी से बात करते दिख रहे हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें संभालते हुए उनको सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

# जयपुर में भीषण सड़क हादसे में 8 दोस्तों की मौत



### टायर फटने से बेकाबू बस ने कार को मारी टक्कर; महाकुंभ जा रहे थे

**जयपुर,एजेंसी।** जयपुर के दूदू में टायर फटने से बेकाबू हुई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हो गए। हादसा जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा में गुरुवार दोपहर करीब 3ः45 बजे हुआ। एसपी आनंद कुमार शर्मा ने बताया- जोधपुर डिपो की रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। ईको कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान अचानक बस का टायर फट गया। इससे बस बेकाबू हो गई। बस डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार से टकरा गई।हादसे में ईको कार बुरी तरह पिचक गई। उसके अंदर बैठे सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार सभी लोग भीलवाड़ा के रहने वाले थे।

**महाकुंभ जा रहे थे कार सवार :**हादसे में दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रेगर, सुरेश रेगर पुत्र मदनलाल रेगर, बबलू मेवाड़ा पुत्र मदनलाल मेवाड़ा, किशनलाल पुत्र जानकीलाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, मुकेश उर्फ बाबू रेगर पुत्र मदनलाल, नारायण लाल बैरवा निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) और प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी इलाके के रहने वाले सभी लोग भीलवाड़ा से महाकुंभ में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे।



## मुख्यमंत्री और विधायक ने कालीघाट शक्तिपीठ मंदिर में की पूजा अर्चना

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग कोलकाता स्थित कालीघाट शक्तिपीठ मंदिर (कालीघाट काली मन्दिर) का दर्शन और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान झारखंड राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि-शांति तथा खुशहाली की कामना की।

# रांची विवि के खेल दीक्षांत समारोह में 11 को गोल्ड




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का पहला स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में धूमधम से संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में 11 अभ्यर्थियों को गोल्ड, 82 को रजत तथा 63 कांस्य पदक समेत कुल 120 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल , वुशू जैसे खेल तथा गीत, संगीत, योग और कला जैसे विषयों में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल छात्रों और खिलाड़ियों को मंच पर कुलाधिपति संतोष गंगवार और कुलपति अजित कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। इस दौरान 156 छात्रों और खिलाड़ियों को पदक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वूडबॉल, रीले दौड़, फुटबॉल, तीरदांजी, हॉकी, एथलेटिक?स जैसे खेलों तथा वोकल सोलो, क्लेस मॉडलिंग , इंस्टालेयान में विजेता छात्रों और खिलाड़ियों को इस दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया।इनको मिला गोल्डस मेडल वूडबॉल् टीम इवेंट में आशुतोष कुमार, सौरभ कुमार, रोशन लिंडा, शुभम कुमार शर्मा, प्रियांशू किस्पोडट्टा, नितिश सुरीन, रितिक उरांव,वूडबॉल इंडिविजुअल और मिक्सा इवेंट में वर्षा खलखो, उमेश मंडल, वेस्टर्न वोकल सोलो गायन में यामिमा कच्छप, क्लेम मॉडलिंग तथा में गौरव पाल, शूटिंग चैंपियनशिप में अजय नाग और निशांत सिंह को स्वर्ण पदक और यह दोनों खिलाड़ी को वर्ल्ड मास्टर गेम 2025, ताइवान के लिए भी चयनित किया गया है।मौके पर वीसी प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय में युवाओं के लिये शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही स्पोर्ट्स तथा सांस्कृलतिक गतिविधियों को भी सिंचित करना रांची विश्वविद्यालय का लक्ष्य है। हम इसके लिये कृतसंकल्पि हैं। इसलिये हमने पूर्वी जोन में पहली बार इस तरह के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया है। हम अपने खिलाड़ियों तथा युवा कलाकारों को इस मंच पर सम्मानित कर रहे हैं ।साथ ही अब इन्हें कोंचिंग ट्रेनिंग, कैंप और अन्य सभी सुविधायें भी निरंतर उपलब्ध करायेंगे।

## मणिपुर में भाजपा की सरकार पर संकट के आसार!

### विधायकों संग सीएम बीरेन की दिल्ली दौड़,गवर्नर भी रवाना

**इंफाल ,एजेंसी।** मणिपुर में बीरेन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा के कई विधायक सीएम बीरेन से नाखुश हैं। कुछ विधायकों में असंतोष की खबरों के बीच मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह मंत्रियों और आठ अन्य विधायकों के साथ दिल्ली रवाना हुए। उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि सात विधायक और चार भाजपा पदाधिकारी भी मुख्यमंत्री के निकलने के तुरंत बाद एक चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली की ओर निकल गए। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला भी दिल्ली रवाना हो गए हैं, लेकिन उनकी यात्रा के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। दिल्ली जाने वाले तीन कैबिनेट मंत्रियों थोंगम बिश्वजीत सिंह, कोंथोजम गोविंदास और एल. सुसिंद्रो मैतेई शामिल हैं। इनके अलावा चार विधायक खोंगबंताबम इबोमचा सिंह, सापम कुंजाकेशोर सिंह, करम श्याम सिंह और एस. प्रेमचंद्र भी निकले हैं। इसके अतिरिक्त चार अन्य भाजपा पदाधिकारी रॉबर्टसन एसेम, नगासेपम रामचंद्र, एस. डोनिल शर्मा और ए. मुनिंद्रजीत सिंह भी दिल्ली रवाना हुए।



# जामताड़ा जिले में पर्यटन की है बेहतर संभावना; पर्यटक स्थल के विकास होने से रोजगार भी मिलेगा: उपायुक्त

**निजाम खान । राष्ट्र संवाद**



**जामताड़ा:** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्रीमती कुमुद सहाय (भा०प्र०से०) की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक के क्रम में उपायुक्त ने जिले के विभिन्न पर्यटक स्थलों में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु दिए गए निर्देश**

इस दौरान उन्होंने मालंचा पहाड़ एवं दुखिया बाबा मंदिर पर्यटक स्थल में चल रहे जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का समीक्षा किया, बताया गया कि उक्त स्थल पर लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्यों को उन्होंने जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बताया गया कि पर्वत विहार पार्क में साफ सफाई, रंगरोगन एवं मरम्मति कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं बताया कि लाधना डैम पर्यटक स्थल में विभाग द्वारा डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है, उपायुक्त ने उक्त स्थल पर विवाह भवन के साथ ही 8 अतिरिक्त कमरे के निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर प्रोजेक्ट में विभाग से एड करवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में पर्यटन की बेहतर संभावनाएं हैं, जिले में सिर्फ जिले भर के ही नहीं अपितु पड़ोसी जिले एवं राज्य के भी पर्यटकों का आना होता है। पर्यटक स्थलों के विकास होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक रूप से सम्पन्न होंगे।

**विभिन्न पर्यटक स्थलों का ग्रेडिंग होंगे अपग्रेड**

उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में कई पर्यटक स्थलों के पूर्व से अधिसूचित पर्यटक स्थल के ग्रेडिंग को अपग्रेड करने का निर्देश दिया। इस क्रम में लादना डैम (पूर्व में इ) को ₹एड़₹ ग्रेड, पर्वत विहार पार्क (पूर्व में उ) को ₹बीर₹ ग्रेड, देवेलेश्वर धाम (पूर्व में उ) को ₹बीर₹ ग्रेड, मालंचा पहाड़ (पूर्व में ऊ) को ₹बीर₹ ग्रेड, सिंहवाहिनी मंदिर (पूर्व में ऊ) को ₹बीर₹ ग्रेड, दुखिया बाबा मंदिर (पूर्व में उ) को ₹बीर₹ ग्रेड, मा चंचला मंदिर (पूर्व में ऊ) को ₹सीर₹ ग्रेड, कालिंजर मंदिर, गेड़िया (पूर्व में ऊ) को ₹सीर₹ ग्रेड में अपग्रेड करने हेतु आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने मिहिजाम अवस्थित हांसीपहाड़ी क्षेत्र को अधिसूचित करते हुए ₹ ऊ₹ ग्रेड में अपग्रेड हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**करमदाहा मेले को राजकीय मेला के रूप में अधिसूचित करने हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजने का निर्देश:** बैठक के क्रम में उपायुक्त ने मकर संक्रांति के अवसर पर प्रतिवर्ष लगने वाले करमदाहा मेले को राजकीय मेला के रूप में अधिसूचित करने हेतु प्रस्ताव को तैयार विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

# सेना के जवान ने, सेना की ही चोरी वाली एके-47 हथियार से रांची में किया था डबल



**सेना का जवान सहित दो अपराधी गिरफ्तार, सेना से चोरी किए गए अङ- 47 हथियार बरामद.**

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

4 फरबरी की रात , झारखंड की राजधानी रांची जिला के नगड़ी इलाके में हुए दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस को सफलता मिली है. डीआइजी सह एसएसपी राँची ,चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. जिनमें मनोहर टोपनो और सुनील कच्छप शामिल है. इनके पास से हत्या की घटना में प्रयुक्त एके 47 रायफल बरामद किया गया.

घटना को सेना के जवान मनोहर टोपनो ने अंजाम दिया था. मनोरंजन भारतीय सेना में है और उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में है. वह अपने यूनिट से चोरी से एके 47 राइफल लेकर आया था और मंगलवार को उसी राइफल से जवान ने मनोज कच्छप और बुधराम मुंडा की गोली मार कर हत्या कर दी थी. जमीन विवाद में सेना के जवान ने, सेना की चोरी की हुई अङ - 47 हथियार से डबल मर्डर की घटना को अंजाम दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

# आरएफसी टीम बनी दिसंबर गुरु फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता की विजेता



**कुंडहित, राष्ट्र संवाद प्रतिनिधि**

गुरुवार को सिद्धू कानू मैदान पहाड़गोडा में तीन दिवसीय दिशोम गुरु फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन हुआ। फाइनल खेल 9/11 स्टार बनाम आरएफसी टीम के बीच खेला गया। बराबरी पर खेल रहने के कारण मिले पेनाल्टी शूट के मौके को भुनाते हुए आरएफसी की टीम ने एक गोल से टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल में डेंगुआ टाइगर तथा सेवड़ी ताला की टीमें हिस्सेदार रही। मैच के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल कंचन, विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला सचिव परेश यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता खिरोद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जयश्वर मुर्मू, सचिव मनोरंजन सिंह, पूर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल, ऑफिसर हेंब्रम, कुतुबुद्दीन खान ने विजेता टीम को नगद 50000 तथा कप, उपविजेता टीम को 40000 तथा कप तथा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को 10-10 हजार नगद मिला।

## संक्षिप्त खबरें

# मदरसा नाशीरूल उलूम बोरवा में शैक्षणिक सेशन समाप्ति कार्यक्रम का समापन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**जामताड़ा:** मदरसा नाशीरूल उलूम बोरवा में सेशन समाप्ति कार्यक्रम का आयोजन करना एक महत्वपूर्ण कदम है जो छात्रों की शैक्षिक प्रगति को पहचानने और उनके भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करता है, उक्त बातें जमात ए इस्लामी हिंद के जामताड़ा जिला अध्यक्ष मौलाना सिराजुद्दीन अंसारी ने कही उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में, छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। यह कार्यक्रम छात्रों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए प्रेरित करता है और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में मदरसा के शिक्षकों और प्रशासकों को भी सम्मानित किया जाता है जो छात्रों की शैक्षिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सिदो कान्हू मॉडल स्कूल नाला में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**राष्ट्र संवाद सं, संतोष कुमार जामताड़ा**



गुरुवार को सिदो कान्हू मॉडल स्कूल नाला में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा एवं नाला मुखिया अजित मुर्मू उपस्थित रहे। मौके पर मुख्य अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हरी झंडी दिखाकर की गई, जिसके बाद विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं की शुरूआत हुई।मौके पर 14 प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने भाग लिया, जिनमें दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद, फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, और अन्य खेल शामिल थे। इन खेलों में छात्र-छात्राओं ने अपनी जोरदार मेहनत और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में, विजेताओं को सम्मानित किया गया। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने न केवल खेल की भावना का प्रदर्शन किया बल्कि अपने विद्यालय का नाम भी रोशन किया।इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने भी खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को खेल कूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस शानदार आयोजन ने सिदो कान्हू मॉडल स्कूल को खेल कूद के क्षेत्र में एक नया मुकाम प्रदान किया और भविष्य में और भी बेहतर परिणामों की उम्मीद जताई।

# गेड़िया में कुष्ठ स्पर्श जागरूकता अभियान,ग्रामीणों को दिलाया शपथ



**राष्ट्र संवाद संवाददाता संतोष कुमार**

**नाला:** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान और कुष्ठ रोगी खोज अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को नाला प्रखंड क्षेत्र के गेड़िया में कुष्ठ स्पर्श जागरूकता अभियान चलाया गया।जहां ग्रामीणों को शपथ दिलाकर रोग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।ज्ञात हो कि यह अभियान कुष्ठ रोग को समाज से समाप्त करने और रोगियों को समय पर इलाज दिलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।मौके पर एएनएम नीलू कुमारी ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर दाग हो और वह स्थान सुन्न हो, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोग का निःशुल्क इलाज और दवाइयां उपलब्ध हैं।मौके पर कार्यक्रम में एएनएम नीलू कुमारी,सेविका प्रभा देवी,सहिया सुमित्रा हाँसदा, विशाखा देवी, सहिया साथी रासमनी महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीश्वर प्रभारी नदियां नंद मंडल पर लगा अभद्र व्यवहार करने का आरोप

**रानीश्वर, राष्ट्र संवाद सं**



रानीश्वर प्रखंड के मनोज राय, पिता- लक्ष्मण राय, गांव- खुशदिलपुर, पंचायत -सादीपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने रानीश्वर प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वर्तमान प्रभारी पर अभद्र व्यवहार करने आरोप दुमका जिला उपायुक्त को आवेदन देकर बताया है कि मनोज राय उनके भतेजी कि जन्म प्रमाण पत्र का आवेदन देने के लिए दिनांक 5-2-25 को समय दोपहर एक बजकर तीस मिनट में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गया था,उसी दौरान उन्होंने देखा की स्वास्थ्य केंद्र के किसी कार्यालय में कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था,तब उन्होंने स्वस्थ केंद्र के गेट के निकट स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी नदियां नंद मंडल को देखा और उनसे जानकारी लेते हुए कहा कि मैंरा आवेदन कहा जमा करने कृपया बताए और उस अधिकारी को बता दीजियेगा आवेदन को आगे कर देने के लिए, इसी बात पर प्रभारी नदियां नंद मंडल भड़क गये और कहा कि मैं तुम्हारा नौकर नहीं चुप रहो नहीं तो गर्दन पकड़ कर यहा से निकाल दिया जाएगा, दो में कहा सुनी होने लगा, और प्रभारी नदियां नंद मंडल ने स्वस्थ केंद्र में तैनात गार्ड द्वारा मोनज राय को ढकेलकर निकाल दिया, आज मोनज राय ने दुमका उपयुक्त, झारखंड के मुख्य मंत्री, एवं झारखंड स्वास्थ्य सचिव को आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया है, रानीश्वर प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को राष्ट्र संवाद संवाददाता ने भी उनसे खबर संलग्न करने की जानकारी के लिए कोई बार स्वास्थ्य केंद्र का चक्कर काट चुका है, अक्सर देखा गया कि स्वास्थ्य केंद्र के अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं, और फोन से सम्पर्क करने पर फोन रिसीव नहीं करते हैं,यह स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी का आम बात है।

# अमेरिका के दो पर्यटक जादुपेटिया चित्रकला देखने पहुंचे

**फतेहपुर**



फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत खामारवाद पंचायत के सालपातड़ा गाँव में जादुपेटिया चित्र कला देखने के लिए अमेरिका से दो पर्यटक बासुदेव चित्रकार के घर पहुंचे और जादुपेटिया चित्रकला का अनोखी और रंगीन चित्र कला पट् को विशेषतार पूर्वक से देखा और समझने की कोशिश किया। इस गाँव में है एक-दो ही कलाकारों द्वारा बनाई जाती है। गाँव में अमेरिका विदेशी पर्यटकों ने जादुपेटिया चित्रकला को देखा। और कहा कि जादुपेटिया चित्रकला की परंपरा सदियों पुरानी है। यह हमें इंटरनेट के माध्यम से जानकारी मिली। इसलिए जादुपेटिया चित्रकला पट् देखने के लिए आये हैं। इसी दौरान कलाकार बासुदेव चित्रकार ने उन्हें अपनी चित्र बनाने की तकनीक के बारे में जानकारी दी। कहा कि हम लोग प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के चित्र बनाते हैं, जिनमें पेड़-पौधे, जानवर, पक्षी और मानव आकृतियाँ शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इसलिए जादुपेटिया चित्रकला ने विश्वभर में अपनी पहचान बनाई है। जादुपेटिया चित्रों को विभिन्न देशों में प्रदर्शित किया जा चुका है और उन्हें बहुत पसंद किया जाता है। कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से झारखंड की संस्कृति और परंपरा को विश्वभर में प्रदर्शित किया है। इस प्रकार जादुपेटिया गाँव की चित्र कला ने विश्वभर में अपनी पहचान बनाई है और झारखण्ड के कलाकारों को उनकी कला के लिए बहुत सम्मान मिला है। आगे कहा कि इससे पहले भी यहाँ पर जर्मनी,इंग्लैंड देश के पर्यटक यहाँ आकर जादुपेटिया चित्रकला का पट् खरीद कर लेकर जाता था।

# पत्नी की नृशंस हत्या के दोषी को 20 साल की सजा

**राष्ट्र संवाददाता, कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर पुलिस जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र के चकद्वीपा गांव की लक्ष्मी मजी की शादी 2007 में हल्दिया थाना क्षेत्र के साउतांचक निवासी विश्वजीत दास से हुई थी। शादी के बाद उनके दो बेटे हुए, लेकिन पड़ोसियों और लक्ष्मी के परिवारवालों के मुताबिक, विश्वजीत नशे में धुत होकर अक्सर पत्नी से मारपीट करता था।

अत्याचार चरम पर तब पहुंचा जब 17 मई 2019 को सुबह दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे विश्वजीत ने धारदार कटारी से लक्ष्मी पर हमला कर उसे नृशंस रूप से मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पड़ोसियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# पंचायत समिति की बैठक में बीडीओ ने 15 वी वित्त आयोग की योजनाओं में प्रगति लाने पर दिया बल

रानीश्वर दुमका । प्रखंड कार्य के सभागार में गुरुवार प्रमुख मर्शिला बास्की की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई ।प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के संचालन में हुई बैठक में बीडीओ ने सदस्यों को बताया हैं कि पंचायत समिति मद से प्राप्त 15 वी वित्त आयोग से संबंधित राशि का ब्यय अपेक्षित कम हैं । योजनाओं का क्रियान्वयन भी लंबित हैं । इस लिये 15 वी वित्त आयोग के योजनाओं की प्रगति में तेजी लाना होगा । प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 2. 0 का सर्वे एवं झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का इविस्तृत जानकारी दिया जाय ।बैठक में प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी ,सहायक अभियंता सभी कनीय अभियंता मौजूद थे ।

# 19 वाँ वार्षिक महोत्सव का आगाज *स्वामी विवित्तानंद जी द्वारा भारत सेवाश्रम संघ के गौरीक झाँडोत्तोलन के साथ ही शोभायात्रा का शुभारम्भ

**रानीश्वर दुमका :**



भारत सेवाश्रम संघ पाथरा का 19 वाँ वार्षिक महोत्सव 6फरवरी को स्वामी विवित्तानंद द्वारा झाँडोत्तोलन के पश्चात शोभायात्रा का शुभारम्भ हो गया है, सबसे आगे प्रचार गाड़ी, उसके बाद संघ का बैनर, ढाकी टीम, मेडिकल टीम, प्रचार टीम, भारत माता की झांकी, स्वामीजीगण, विभिन्न भेश -भूषा, आश्रम विद्यालय की छात्राएं, आदिवासी नृत्यदल माथे पर लोटा लिए महिलाएं, घोड़ा नाच, आश्रम विद्यालय के छात्रों का दल,भजन कीर्तन दल, गीता पाठ, गुरुमहाराज की झाँकियां, ये शोभायात्रा आश्रम परिसर से पाथरा ग्राम होते हुए, रानीश्वर गाँव व रानीश्वर बाजार, रघुनाथपुरमोड़, रघुनाथपुर गाँव होते हुए आश्रम में समापन हो गया है, शोभायात्रा दल के लिए रानीश्वर ग्राम में पेयजल व चना का वितरण किया गया, रानीश्वर बाजार में साधु किराना दुकान में पेयजल व चॉकलेट वितरण, पाथरा मोड़ में आश्रम द्वारा में पेयजल व चॉकलेट वितरण, रघुनाथपुरमोड़ में माँ तारा मिष्ठान भंडार द्वारा पेयजल व मिष्ठान का वितरण किया गया है, इस शोभायात्रा में कोलकाता, बंगाल,रांची, जमशेदपुर, आदि विभिन्न जगहों से माताएं, बहनें भक्तवृंद पधारे हुए हैं,शोभायात्रा का संचालन स्वामी नित्यव्रतानंद जी, स्वामी विवित्तानंद जी, पुरुलिया शाखा के सचिव, स्वामी योगयुक्तानंदजी समेत कई मौजूद थे।

# श्री श्री रामराज मंदिर चिटाही धाम में श्रीराम महायज्ञ का तीसरा दिन, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो हुए शामिल



**राष्ट्र संवाद संवाददाता , ओम प्रकाश शर्मा, धनबाद :**

धनबाद के श्री श्री रामराज मंदिर, चिटाही धाम में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि प्रज्वलन पूजन विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य आचार्य श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय जी एवं आचार्य समूह के सान्निध्य में मंडप पूजन, नवग्रह पूजन, वास्तु देवता पूजन एवं अग्नि प्रज्वलन संपन्न किया गया।

इस पावन अवसर पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी उपस्थित रहे। उन्होंने परिवारजनों संग यज्ञ में आहुति दी।

# विधानसभाध्यक्ष एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के लिए पुणे रवाना होंगे

**निजाम खान । राष्ट्र संवाद**



रांचीः अध्यक्ष झारखंड विधानसभा श्री रबीन्द्रनाथ महतो में एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के लिए पुणे रवाना होंगे।

माननीय अध्यक्ष इस सम्मेलन में 14वां नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद की अध्यक्षता करेंगे।

इसी यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपना व्याख्यान भी देंगे।

राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले माननीय सदस्य एकत्रित हो रहे हैं। माननीय मंत्री श्री इरफान अंसारी एंव झारखंड विधानसभा के कुछ माननीय सदस्य भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे । विदित हो कि टकळ वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित सम्मेलन वर्ष 2023 मुंबई में आयोजित कराई गई थी। जिसमें देश भर से कुल 1800 माननीय विधायक भाग लिये थे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण हेतु समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई

**निजाम खान। राष्ट्र संवाद**



आज दिनांक 06.02.2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर के द्वारा गवर्नमेंट मिडिल स्कूल पोड़ैयाहाट (गर्ल्स), अपग्रेडेड गवर्नमेंट हाई स्कूल दादू घुटू पहाड़पुर, अपग्रेडेड गवर्नमेंट मिडिल स्कूल आकाशी तथा अपग्रेडेड गवर्नमेंट मिडिल स्कूल बिरनियां का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या , मध्यान्ह भोजन की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था , पेयजल तथा शौचालय की सुविधा की जानकारी ली गई। सभी विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित पाए गए परंतु छात्रों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निदेश दिया गया कि नामांकित बच्चों की उपस्थिति,मध्यान भोजन की गुणवत्ता और पोषण सुनिश्चित करना प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है। शिक्षकों के द्वारा ई -विद्या वाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज किए जाए।

# देश के मानचित्र में मंदिरों के गाँव से प्रसिद्ध मलूटी में राज्यभर से जुटे लगभग 300 कबड्डी खिलाड़ियों ने की साफ सफाई

**निजाम खान । राष्ट्र संवाद**



दुमकाः मंदिरों का गांव मलूटी में 18वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 16 टीम भाग ले रही है।राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने मंदिरों के गाँव एवं मंदिर के आसपास के क्षेत्रों की साफ सफाई का कार्य किया।लगभग 300 खिलाड़ियों ने पूरे गांव की साफ सफाई की।इस कार्य मे स्थानीय ग्रामीण एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी भाग लिया।साथ ही सभी ने स्थानीय लोगों से स्वच्छता बनाये रखने की अपील की।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं।मलूटी में मार्केट कॉम्प्लेक्स एवं ओपन जिम का भी उदघाटन किया गया है।पूरे वर्ष श्रद्धालु मलूटी के आकर्षक टेराकोटा की मंदिरों को देखने आते हैं।अधिक से अधिक लोग मलूटी पहुँचे इसके लिए भी राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोड्डा डीसी के द्वारा विभिन्न विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण

**निजाम खान। राष्ट्र संवाद**

आज दिनांक 06.02.2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर के द्वारा गवर्नमेंट मिडिल स्कूल पोड़ैयाहाट (गर्ल्स), अपग्रेडेड गवर्नमेंट हाई स्कूल दादू घुटू पहाड़पुर, अपग्रेडेड गवर्नमेंट मिडिल स्कूल आकाशी तथा अपग्रेडेड गवर्नमेंट मिडिल स्कूल बिरनियां का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या , मध्यान्ह भोजन की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था , पेयजल तथा शौचालय की सुविधा की जानकारी ली गई। सभी विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित पाए गए परंतु छात्रों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निदेश दिया गया कि नामांकित बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली।

# राष्ट्र संवाद के खबर का असर : जनसंघ काल के नेता सच्चिदानंद राय से मिलने टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ,पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास डॉक्टर से ली पूरी जानकारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**राष्ट्र संवाद के खबर का असर :** जनसंघ काल के नेता सच्चिदानंद राय से मिलने टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ,पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास , ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर के अध्यक्ष विकास सिंह , भाजपा नेता अनिल सिंह,राकेश सिंह ,राम नारायण शर्मा ,संतोष ठाकुर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार , जितेंद्र राय, दीपक पाल, हलदर नारायण शाह, शिव शंकर सिंह ,सतीश सिंह जितेंद्र राय नीरज कुमार शर्मा




सुधीर कुमार बबलू काफी संख्या में कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे

ज्ञात हो कि सच्चिदानन्द राय हैं. जनसंघ काल के हिंदूवादी नेता. अविभाजित बिहार में भाजपा को जमानेवाले स्तंभों में से एक सच्चिदानंद राय जमशेदपुर के टेल्को अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं. स्थानीय मीडिया में खबर चल रही है, लेकिन भाजपा के स्वनामधन्य और मूर्धन्य नेताओं को फुर्सत नहीं थी

राष्ट्र संवाद ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया



इसके बाद बीमार राय साहब का हाल जानने पहुंचे भाजपा के दिग्गज नेता हां राष्ट्र संवाद ने जब खबर चलाई तो कुछ भूमिहार नेताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा था जबकि सोशल मीडिया पर अन्य भाजपाई स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं इसलिए जब ये भी बीमार पड़ेंगे तब दूसरे भाजपाई सोशल मीडिया पर लिखेंगे भगवान उन्हें जल्द स्वस्थ करें

पत्रकार राकेश कहते हैं कि जब सिंहभूम जिला भाजपा संगठन विभाजित हुइ थी तो पूर्वी सिहभूम जिले के तदर्थ समिति के अध्यक्ष बने थे सच्चिदानंद राय।जब पूर्वी सिहभूम जिला सांगठनिक रुप से विभाजित हुई थी तो जमशेदपुर महानगर भाजपा के पहले जिला संयोजक बने थे यानि कि दो बार जिला भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं। राष्ट्र संवाद को खबर लिखने का मकसद सिर्फ इतना था की भाजपाई अस्पताल प्रबंधन से मिलकर स्थिति की जानकारी ले किसी भी नेता को ठेस पहुंचाने की मानसा से यह खबर प्रकाशित नहीं की गई थी

# बिरसानगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विधायक पूर्णिमा साहू ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के प्रधान सचिव को लिखा पत्र

राष्ट्र संवाद संवाददाता

बिरसानगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उलउ) क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों को चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान कर रहा है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और मरीजों को देखते हुए इसकी मौजूदा संरचना और सुविधाएँ अब अपर्याप्त साबित हो रही हैं। प्रसूति सेवाओं और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए इस स्वास्थ्य केंद्र के बुनियादी ढांचे के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

इसी क्रम में, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव



को पत्र लिखकर बिरसानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के विस्तार की माँग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि इस केंद्र में रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने उलउ के प्रथम तल पर अतिरिक्त सुविधाओं के विस्तार की माँग की है, जिसमें प्रमुख रूप से पुरुष और महिला वार्ड का निर्माण, मरीजों एवं परिजनों के लिए वेटिंग एरिया, सुरक्षित एवं सुचारू प्रसव के लिए लेबर रूम, नर्सिंग स्टेशन की स्थापना, मेडिसिन स्टोर की व्यवस्था, सीढ़ी, रैंप एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का विकास जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

विधायक पूर्णिमा साहू ने पत्र में इस बात पर जोर दिया कि बिरसानगर और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे अस्पताल पर दबाव बढ़ रहा है। 247 प्रसव सेवा और क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए इस स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार बेहद जरूरी हो गया है।

# छोटा गोविंदपुर जलपूर्ति योजना ठप होने से जल की विकराल समस्या उत्पन्न ,आंदोलन की तैयारी में जुटे लोग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर जलपूर्ति योजना ठप होने से लगभग 2 लाख से अधिक लोगों के समक्ष जल की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है वहीं 50000 से अधिक घर के लोग जल को लेकर आंदोलन की तैयारी में जुड़ गए हैं।

4 वर्ष पहले शुरू हुई छोटा गोविंदपुर जलापूर्ति योजना अब विवादों के घेरे में आ गई है जहां राज्य सरकार और एजेंसी के बीच हुए विवाद का खामियाजा 2 लाख जनता भुगत रही है जेमिनी इंटरप्राइजेज के द्वारा पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है जहां गर्मी शुरू होने से पहले ही गोविंदपुर परसुडीह सहित कई क्षेत्रों में जल की समस्या उत्पन्न हो गई है वही



इस विकराल समस्या को लेकर गोविंदपुर के जनप्रतिनिधि भी अब लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं जहां जिला परिषद परितोष सिंह अपने समर्थकों के साथ पानी टंकी पहुंचकर प्रदर्शन किया और क्षेत्र की जनता के समक्ष उत्पन्न हुई समस्याओं का जल्द निदान करने की मांग की है वही इस संबंध में मीडिया से बात करते हुए परितोष सिंह ने कहा कि छोटा गोविंदपुर जलापूर्ति योजना शुरूआती दौर से ही विवादों के घेरे में थी जहां पूर्व की सरकार के कार्यकाल में इस जल आपूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया था कई आंदोलन और कड़े संघर्ष के बाद 4 वर्ष पहले शुरू हुई जलापूर्ति योजना आज फिर सरकार और एजेंसी के बीच में विवाद के कारण ठप पड़ गई है ऐसे में हम लोगों के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट के माध्यम से जानकारी दी गई है और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की जा रही है

# भाजपा के संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा के विभिन्न मंडलों में चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी की हुई घोषणा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

भाजपा ने जमशेदपुर महानगर में संगठनात्मक नियुक्ति के लिये चारों विधानसभा के सभी मंडलों में चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। एक मंडल के लिये दो चुनाव पदाधिकारी होंगे। जिनमें एक मंडल चुनाव अधिकारी और दुसरा मंडल सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है। गुरुवार को जमशेदपुर महानगर के जिला चुनाव पर्यवेक्षक सह पूर्व विधायक बिरंचि नारायण एवं जिला चुनाव अधिकारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह की ओर से जारी पत्र में निम्नलिखित नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है।

**साकची पुर्वी** - अनिल मोदी- चुनाव अधिकारी
हेमंत साहू - सह चुनाव अधिकारी
**सीतारामडेरा** - योगेश मल्होत्रा, रमेश नाग
**बारीडीह**- रमेश हांसदा, रामप्रकाश सिंह अशोक




**बिरसानगर**- देवेंद्र सिंह, बोलटू सरकार
**टेल्को**- नीरज सिंह, हेमंत सिंह
**गोलमुरी**- राजेश शुक्ला, प्रोबिर चटर्जी राणा
**बमार्माइंस**- प्रदीप बेसरा, दीपक झा
**सोनारी**- जितेंद्र राय, ओम प्रकाश सिंह
**कदमा**- कल्याणी शरण, चितरंजन वर्मा
**बिस्टुपुर**- राजन सिंह, रीता मिश्रा
**साकची पश्चिम**- कुलवंत सिंह बंटी, कमल किशोर
**मानगो**- चंद्रशेखर मिश्रा, शिव प्रकाश शर्मा
**आजादनगर**- दिनेश कुमार, मोहम्मद निसार अहमद
**उलीडीह**- अनिल सिंह, गंगा प्रसाद साहू
**बोड़ाम**- अमित अग्रवाल, बनमाली बनर्जी
**कमलपुर**- रेणु शर्मा, संदीप मिश्रा
**पटमदा** - संजीव सिन्हा, मंटू चरण दत्ता
**एमजीएम**- गुँजन यादव, सुनील महतो
**घोड़ाबांधा**- रजीव कुमार सिंह, जितेंद्र राय
**गोविंदपुर**- अमरप्रीत सिंह काले, विमलकांत झा
**परसुडीह**- संजीव सिंह, सुमित शर्मा
**जुगसलाई**- रीता मिश्रा, प्रकाश जोशी
**कोवाली**- हलदर नारायण शाह, पिंटू सारंगी
**पोटका**- राजकुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर गुप्ता
**आसनबनी**- डॉ रजीव, संजीव भकत
**सुंदरनगर**- प्रदीप महतो, चंचल चक्रवर्ती
**घाघीडीह**- भरत सिंह, नीलू अवस्थी
**बागबेड़ा**- बबुआ सिंह, सुबोध झा

# गोलमुरी उत्कल समाज विद्यालय के सभागार में वार्षिक महोत्सव का आयोजन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

गोलमुरी उत्कल समाज विद्यालय के सभागार में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जी मुख्य अतिथि के रूप में तथा बहरागोड़ा के पूर्व विधायक श्री मान कुनाल सारंगी जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।विद्यालय के कार्यकारिणी सदस्यो तथा शिक्षकों के द्वारा विद्यालय की वर्तमान समस्याओं के बारे में जिसमें उच्च विद्यालय में उड़िया भाषा की पाठ्य पुस्तक, बच्चों के यूनिफॉर्म , मध्यान्ह भोजन तथा मध्य विद्यालय जो कि पूर्व में अल्पसंख्यक विद्यालय था उसे वर्तमान समय में सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय के रूप में मान्यता दे दिया गया शिक्षकों के द्वारा मंश्री महोदय से यह निवेदन किया गया कि पुनः विद्यालय को अल्पसंख्यक भाषाई विद्यालय की मान्यता दी जाए ताकि शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया सरल हो सके उच्च विद्यालय में अनुदान की जगह वेतनमान लागू किया जाए इन सभी समस्याओं की विज्ञप्ति पत्र शिक्षकों द्वारा शिक्षा मंत्री को सौंपा गया। शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन जी ने शिक्षकों को पूर्ण आश्वाशन दिया है कि वे उनकी समस्याओं की जांच करने के पश्चात उनको पूर्ण रूप से दूर करेंगे

# राइट टू एजुकेशन के तहत नामांकन का आवेदन ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन भी ली जाए : सुनील गुप्ता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

राइट टू एजुकेशन के तहत शहर के निजी स्कूलों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ ऑफलाइन आवेदन भी देने की मांग पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी आशीष कुमार पांडे से किए हैं। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर प्रखंड के कई पंचायतों के ग्रामीणों के पास ना स्मार्टफोन है, ना हीं ऑनलाइन आवेदन देने की जानकारी है। ऐसे में नामांकन हेतु गरीब एवं अभिवंचित वर्ग के लोगों के बच्चे आवेदन नहीं दे पाएंगे। पंसस सुनील गुप्ता ने कहा कि 2 साल पूर्व में ऑफलाइन आवेदन दिया और लिया जा रहा था। मगर अब ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिससे पंचायतों के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।



पंसस सुनील गुप्ता ने यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन को ऑफलाइन आवेदन देने की मांग की है अन्यथा शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर एक मांग पत्र सौंप कर ऑनलाइन आवेदन को ऑफलाइन आवेदन देने की मांग करेगी।

इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के अलावे उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, समाजसेवी टिंकू उपस्थित थे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

उपायुक्त के निदेर्शानुसार परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन अभियान की बैठक की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान सहित अभियान के अंतर्गत क्रियान्वित विभागीय अधिकारी तथा कार्यपालक अभियंता प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में केन्द्र पर प्रायोजित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका को बेहतर करने और



जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं पर चर्चा की गई।

परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी ने कहा अभियान में सभी जनजातीय परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी पात्र जनजातीय परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने और उनके गांवों में सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं का विस्तार किया जायेगा। अधिक से अधिक मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की स्थापना की जाएगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित की जा सके। जनजातीय क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र शुरू करने के प्रयास किये जायेंगे, जिससे जनजातीय परिवारों को उनकी अपनी कला, संस्कृति, चित्रकारी, वनोपज संग्रहण, शहद, मोटे अनाज, ज्वार-बाजरा, महुआ से तैयार उत्पादों, जड़ी-बूटी से प्राकृतिक उपचार ज्ञान कौशल की बेहतर मार्केटिंग हो सकें और जनजातियों की उन्हीं के गांव में ही स्थानीय उत्पाद के माध्यम से आमदनी बढ़ाने तथा पलायन को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। अभियान के तहत कल्याण विभाग को नोडल विभाग के रूप में काम करेगा। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय कमिटि अभियान की मॉनिटरिंग करेगी जबकि सभी विभाग एवं अभियांत्रिकि विभाग इसके कार्यकारी एजेंसी के रूप में काम करेंगे।

# हरहरगुट्टू में दर्दनाक हादसाः पतंग उड़ाने के दौरान बिजली के तार की चपेट में आया युवक, हालत नाजुक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के हरहरगुट्टू इलाके में पतंग उड़ाने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। स्थानीय निवासी साहिल, जो अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था, अचानक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गया।

रविवार दोपहर साहिल पतंग उड़ा रहा था, जब उसकी पतंग पास के




ट्रांसफार्मर में फंस गई। पतंग निकालने के लिए वह ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया, लेकिन तभी उसका संपर्क बिजली के तार से हो गया। तेज करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा।

घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने साहिल को गंभीर अवस्था में देखा और उसे फौरन टाटा मेन हॉस्पिटल (ळटल) ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई

# गोबिंदपुर में जलापूर्ति ठप होने का मुख्य आरोपी स्थानीय विधायक और जिला परिषद सदस्य है - अप्पू तिवारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गोबिंदपुर में जलापूर्ति नहीं होने से क्षेत्र में हाहाकार मचा है इसके जिम्मेवार स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी और जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह जी है क्योंकि पहले तो पूर्व मंत्री श्री रामचंद्र सहीस के कार्य को भी अपना कार्य बता कर स्थानीय विधायक अपना श्रेय लेकर झूठा वाह वाही लेने का कार्य किया है उसी तरह स्थानीय कम्पनियों द्वारा या केंद्र सरकार या सांसद के कार्य पर भी अपनी मोहर लगाकर क्षेत्र के लोगों को दिग्भ्रमित करने का कार्य किया है अपना श्रेय लेने में दौड़ लगाए रहते है , रहा गोबिंदपुर जलापूर्ति ठप होने का तो जिला प्रशासन पेयजल विभाग राज्य सरकार के बाहर का विभाग है या विभाग में भ्रष्टाचार में व्याप्त भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा किया जा रहा है अप्पू तिवारी ने 24 घंटा का अल्टीमेटम दिया और कहा कि 24 घंटे में समाधान नहीं हुआ तो आजसू पार्टी पेयजल विभाग में तला जड़ने का कार्य करेगी ।

## सार-संक्षेप

### जमशेदपुर में पथ निर्माण विभाग की लापरवाही से लाखों लीटर पानी बर्बाद, जल संकट गहराने की आशंका



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर शहर में पथ निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते भारी मात्रा में पीने योग्य पानी बर्बाद हो रहा है, जिससे आने वाले दिनों में शहर में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। खासकर मानगो पुल के पास डिमना से आ रही मुख्य पाइपलाइन के फटने से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह गया, जिससे शहर में अफरा-तफरी मच गई।

पाइपलाइन फटने की वजह से सड़क पर जलजमाव हो गया, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही टाटा स्टील के अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करने में जुट गए। हालांकि, अगर जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की गई, तो पूरे शहर में जल संकट उत्पन्न हो सकता है और लोगों को पीने के पानी के लिए जूझना पड़ सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में पानी की बबार्दी रोकी जा सके और शहर में जल संकट की स्थिति न पैदा हो।

### टीम पीएसएफ ने स्वर्गीय दिलीप कुमार भट्टाचार्य के प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर एवं आर के मिशन स्टुडेंट्स होम में कराया भोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



एक वर्ष पूर्व शहर के जाने-माने व्यवसायी सह समाजसेवी रहे स्वर्गीय दिलीप कुमार भट्टाचार्य जी के प्रथम पुण्यतिथि पर, धर्मपत्नी समाजसेवी आल्पना भट्टाचार्य जी के सहयोग से, टीम पीएसएफ ने पहले पुण्यतिथि के इस दिन को, जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर, तो आर के मिशन स्टुडेंट्स होम में भोजन कराकर समर्पित करते हुए उन्हें मानव कल्याणकारी कार्य के जरिए अर्पण किया भावभीनी श्रद्धांजलि. प्रातः बेला जमशेदपुर ब्लड सेंटर में स्वर्गीय दिलीप बाबू जी के तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ. एवं आर के मिशन स्टुडेंट्स होम में, वहां रह रहे करीब 250 बच्चों को उत्तम से उत्तम भोजन कराया

### राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी की भ्रमणशील बस लगाई गई



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**. राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा जिले में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यालयों में विज्ञान और गणित के प्रति रुचि पैदा करना था।

जिला शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार के निर्देशन में यह प्रदर्शनी संग्रहालय परिषद विज्ञान केंद्र द्वारा साइंस बस की मदद से लगाई गई विज्ञान बस बुधवार को बीपीएम बमार्माइंस विद्यालय पहुंची जहां जिले के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के सिद्धांतों को समझा।

प्राचार्य रंजीता गांधी के मार्गदर्शन में सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस बीपीएम बमार्माइंस विद्यालय में या प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी में माप,ऊर्जा , भोजन और स्वास्थ्य, रसायन विज्ञान और पानी पर फोकस के साथ जीवन, स्वच्छता और स्वच्छता आदि विषयों में छात्र-छात्राओं ने जानकारी प्राप्त की।

मौके पर जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, डॉ अंजू कुमारी, करनदीप सिंह, सुप्रीत, अंकित , अभिषेक, धर्मराज, कृष्पाल, नीतीश, निखिल, प्रेम उपस्थित थे।

### वरीय पुलिस अधीक्षक ने साइबर थाना का किया निरीक्षण



राष्ट्र संवाद संवाददाता

वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा साइबर थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना अभिलेखों की गहनता से जांच की गई तथा लंबित कांड का शीघ्र निष्पादन, करने हेतु वहां उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही साथ ग्रेजुएट कॉलेज में एक सभा का आयोजन किया गया ।अयोजित सभा में छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के लिए विशेष जानकारी दी गई।

### भारतीय धातु संस्थान, जमशेदपुर चैप्टर ने टाटा स्टील लिमिटेड, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

भारतीय धातु संस्थान, जमशेदपुर चैप्टर ने टाटा स्टील लिमिटेड, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर के सहयोग संक्षारण और कोटिंग्स (३उ) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन गोलमुरी स्थित एक होटल में आयोजन किया गया।सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि,सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, विशिष्ट अतिथि, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के कार्यकारी निदेशक ए के मनोहर, आईआईएम जमशेदपुर चैप्टर के अध्यक्ष और धातुकर्म एवं सामग्री इंजीनियरिंग के प्रमुख डॉ अशोक कुमार,/३उ - 2025 के अध्यक्ष डॉ रघुवीर सिंह,/३उ - 2025 के /३उ-2025 के अध्यक्ष डॉ. इस सम्मेलन में चार पूर्ण व्याख्यान और 15 मुख्य व्याख्यान तथा 40 सहायक व्याख्यान भी शामिल हैं।

## संपादक की कलम से

# बांग्लादेश में हिंसा की पराकाष्ठा

देवानंद सिंह




बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के विरोधियों ने बुधवार की रात उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान के ढाका स्थित घर धानमंडी-32 में आग लगा दी और उसे ध्वस्त कर दिया।

दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने बुधवार की रात और गुरुवार को तड़के देश भर में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं के घरों में भी तोड़फोड़ की और शेख मुजीबुर्रहमान के भित्ति चित्रों को विकृत कर दिया। हिंसा भारत में मौजूद शेख हसीना के एक ऑनलाइन कार्यक्रम से ठीक पहले शुरू हुई। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार 'द डेली स्टार' ने लिखा है कि सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट के मुताबिक ये प्रदर्शन शेख हसीना की 'बांग्लादेश विरोधी गतिविधियों' की वजह से किया गया। बांग्लादेश में हो रहीं ऐसी हिंसा और विध्वंस की घटनाएं देश की राजनीतिक स्थिति की गंभीर तस्वीर पेश करती हैं। यह केवल एक भवन का विध्वंस नहीं है, बल्कि यह बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम, उसके संस्थापक और उसके वर्तमान शासन के खिलाफ बढ़ते विरोध का प्रतीक है।

शेख हसीना बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं हैं और लंबे समय तक देश की राजनीति में एक प्रमुख शक्ति रही हैं। उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के संस्थापक और 'बंगबंधु' के नाम से प्रसिद्ध हैं। उनके नेतृत्व में बांग्लादेश ने 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हालांकि, शेख मुजीब की हत्या 1975 में हुई थी, उनके बाद बांग्लादेश में सत्ता की जंग लगातार जारी रही। शेख हसीना ने अपने पिता के खात्मे के बाद राजनीति में कदम रखा और 1996 से देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद के वर्षों में, शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की सत्ता पर पकड़ मजबूत होती गई, लेकिन इसके साथ ही विपक्षी दलों और प्रदर्शनकारियों का विरोध भी तेज हुआ। वर्तमान में शेख हसीना के विरोधी उन्हें भारत में बैठे हुए 'बांग्लादेश विरोधी गतिविधियों' का आरोप लगाते हैं। यह आरोप केवल राजनीतिक संघर्ष का हिस्सा नहीं है, बल्कि देश की संप्रभुता, राष्ट्रीयता और स्वतंत्रता के सवालों से भी जुड़ा हुआ है।

बांग्लादेश में यह हिंसा शेख हसीना के एक ऑनलाइन कार्यक्रम से पहले भड़की। प्रदर्शनकारियों में छात्र भी शामिल थे, जो इस कार्यक्रम के विरोध में सड़कों पर उतरे और शेख मुजीब के घर को जलाकर तोड़फोड़ की। यह हिंसा केवल एक राजनीतिक विरोध नहीं है, बल्कि इसमें शेख मुजीब के भित्ति चित्रों को विकृत करने और उनके स्मारक को नष्ट करने की कोशिशें भी शामिल रहीं। निश्चित रूप से, यह घटना राजनीतिक विचारधारा और विरोध के कारण हुई हिंसा की एक पराकाष्ठा थी। प्रदर्शनकारी इसे 'फासीवाद' का प्रतीक मानते हैं और इस कारण से इस ऐतिहासिक स्थल को नष्ट करने की कोशिश की गई।

विरोधियों का आरोप है कि शेख हसीना की सरकार ने सत्ता में रहते हुए अनेक मानवाधिकार उल्लंघन किए और कई राजनीतिक हत्याओं को अंजाम दिया। इन आरोपों का उद्देश्य शेख हसीना को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करना और उनकी राजनीति को नष्ट करना है। शेख हसीना के विरोधी उनके शासनकाल को असंवैधानिक शासन मानते हैं और यह मानते हैं कि उनकी सरकार का दमनकारी रवैया लोकतंत्र के खिलाफ था। ये घटनाएं न केवल बांग्लादेश के भीतर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कड़ी प्रतिक्रिया का कारण बनी हैं। शेख हसीना की सरकार ने प्रदर्शनकारियों के इस हिंसक कृत्य की निंदा की है और इसे देश की स्वतंत्रता के खिलाफ एक साजिश करार दिया है। शेख हसीना ने कहा कि कुछ बुलडोजर और हिंसक प्रदर्शन किसी देश की आजादी को खत्म नहीं कर सकते और वे इतिहास को मिटा नहीं सकते। उनका यह बयान केवल एक प्रतिकार नहीं है, बल्कि यह बांग्लादेश के जनमानस के लिए यह संदेश है कि वे किसी भी प्रकार के बाहरी दबाव या राजनीतिक दबाव के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

वहीं दूसरी तरफ, प्रदर्शनकारी इसे शेख हसीना और उनकी पार्टी के खिलाफ एक मुहिम के रूप में देख रहे हैं। उनका मानना है कि शेख हसीना की सरकार ने बांग्लादेश को एक फासीवादी राज्य बना दिया है, जहां लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी की जा रही है, यह विरोध केवल एक राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह बांग्लादेश के इतिहास और संस्कृति के खिलाफ एक गहरे हमले के रूप में देखा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने जो किया, वह बांग्लादेश के लोगों के लिए एक नई क्रांति की दिशा में उठाया गया कदम है। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी इन घटनाओं के बाद तनाव देखा जा सकता है। शेख हसीना के खिलाफ की जा रही हिंसा और प्रदर्शन को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना को भारत से वापस लाने के लिए दबाव डाला है। हालांकि, भारत ने इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। बांग्लादेश की सरकार ने इसे लेकर भारत से प्रत्यर्पण की मांग की है, लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

बांग्लादेश और भारत के बीच संबंध हमेशा ही जटिल रहे हैं। एक ओर जहां दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर मतभेद भी रहे हैं। शेख हसीना की पार्टी और उनकी सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने का प्रयास करती हैं, लेकिन इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या भारत और बांग्लादेश के बीच का यह संबंध स्थिर रहेगा, या फिर इसमें और अधिक तनाव आएगा। कुल मिलाकर, बांग्लादेश में हाल की घटनाएं केवल एक राजनीतिक घटना नहीं हैं, बल्कि यह देश के समग्र भविष्य और उसके राजनीतिक परिप्रेक्ष्य पर गहरा असर डालने वाली घटनाएं हैं। शेख हसीना के खिलाफ हिंसा और विध्वंस की यह कार्रवाई बांग्लादेश की राजनीति में एक बड़े बदलाव के संकेत दे रहीं हैं। ऐसे में, यह सवाल उठता है कि क्या बांग्लादेश का भविष्य इसी तरह के विरोध और संघर्ष के बीच सिमट कर रह जाएगा, या फिर यह देश एक नए दिशा की तरफ अग्रसर होगा, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों और संप्रभुता का सम्मान किया जाएगा।

बांग्लादेश की जनता के सामने एक बड़ा सवाल है कि वे किस दिशा में बढ़ेंगे झ क्या वे हिंसा और विध्वंस के रास्ते पर जाएंगे या फिर शांति और समृद्धि की दिशा में एक मजबूत लोकतांत्रिक राष्ट्र की ओर बढ़ेंगे। इस समय बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह केवल एक राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि यह देश की राष्ट्रीय पहचान और भविष्य का प्रश्न बन चुका है।



# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

ललित गर्ग



डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।





हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है।

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवाई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है।

मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। इतना ही नहीं, कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है।

अमेरिका से लौटे भारतीयों के दर्द को कम करना होगा एवं समझना होगा। इसके लिये भारत सरकार को व्यापक प्रयास करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे। दूसरी बात यह कि इसके साथ-साथ भारत में नौकरियों के नए अवसर बनाने पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में एक अहम सवाल यह भी है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है?

सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? अन्यथा भारत का युवा हर मोर्चे पर ऐसे अपमान, दर्द, परेशानी के दंश को झेलता रहेगा।

# चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे - चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं, माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं!

किशन सनमुखदास भावनानीं

मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है।मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं,कुछ नया करने की नहीं सोचते।अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए!तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस!जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं? जबकि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली,(2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के ना बोले (2) शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान ना करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध ना होने पर चुप रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस ना पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली(8)अपमान से ना बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें।

साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते,समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है।

साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं? विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की और अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता , क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए। चुप रहने में अद्भुत शक्ति है।

साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी जरूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भीहै क्षमादान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की जरूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है।

साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ गलत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ.हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है. दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है. हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है. जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है। हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा



**१ मेष राशि**--व्यावसायिक वृद्धि होगी और योजनाओं में लाभ होगा आपकी आमदनी में भी अच्छा लाभ होगा। आज लगातार सफलता मिलेगी और लगातार संघर्ष भी होगा पूर्ण राज योग आज आपकी राशि पर है तनाव नहीं लीजिए

**२ वृष राशि**--चारों तरफ से सफलता चारों तरफ से सम्मान और सहयोग आपकी राशि पर राज और माता महालक्ष्मी जी की कृपा है। अपने लोगों से तनाव नहीं कीजिएगा

**३ मिथुन राशि** --घरेलू कर्म से तनाव बना रहेगा आक्रामक स्वभाव हानि करेगा। प्रसंग मुद्रा आवश्यक है अपना आत्मविश्वास लगाइए आज पड़ोस के लोगों से तनाव लेना उचित नहीं

**४ कर्क राशि** --अच्छे-अच्छे अवसर आ रहे हैं आज जिनके माध्यम से आप अपने व्यवसाय को अपने जीवन को और अपने आमदनी को हाथों हाथ रातों रात आगे बढ़ा सकते हैं।

**५ सिंह राशि** -राजनीति के माध्यम से खेल कूद के माध्यम से और अर्थ जगत के माध्यम से अकाउंट के क्षेत्र से आप आज अपने जीवन को आगे बढ़ा सकते हैं आप एजेंसी के माध्यम से आज अपने आमदनी को अपने व्यवसाय को अपने काम को आगे बढ़ा सकते हैं।

**६ कन्या राशि** --अपने मानसिक तनाव को दूर कीजिए जियो और जीने दो यही सिद्धांत लागू रखें आज आप सिद्धांत कुछ दिन तक आवश्यक है आपके लिए। आधार से तनाव नहीं लिए आपके हिसाब से हर काम हो आज वही होगा इसके लिए आपको भी वही सोचा होगा जिसे संभव कर सकते हैं

**७ तुला राशि** --बिना सोचे समझे आकाश समाज कोई काम नहीं कीजिए जो काम करते हैं अपने आत्मा से पूछ लीजिए आज व्यवसाय के क्षेत्र में एक नया अध्याय जडेजा आपको सफलता के कोई कमी नहीं रहेगी

**८ वृश्चिक राशि** --अपना दांपत्य जीवन अच्छा बनाया अपने स्वास्थ्य अपने व्यवसाय अपने परिवार की सुरक्षा कीजिए आज कई प्रकार से आपके ऊपर आक्रमण हो सकते हैं लोग एकजुट होकर आपका विरोध कर सकते हैं लेकिन आप सच्चाई का रास्ता नहीं छोड़िए

**९ धनु राशि** --आगे क्या करना है इस पर 1000 डाल दीजिए किस कैसे बात करना है किस विषय पर बात करना है कौन सा टॉपिक होना चाहिए इसका आरंभ और अंत कैसे करना है इन सारी बिंदुओं पर एक हल्का सा जिससे बात कर लीजिए

**१० मकर राशि** --आज जो भी आप काम करते हैं अपने आमदनी और अपने वर्तमान स्थिति को देखते हुए कीजिए। आज आप जो कुछ काम करेंगे जो भी निर्णय लेंगे जहां भी अपने काम का विस्तार करेंगे या उसे काम करेंगे इसका प्रभाव आपके आगामी जीवन पर पड़ेगा

**११ कुम्भ राशि** --दूसरों को दोस्त देने से अच्छा है आज आप अपने विषय में आत्म निरीक्षण कीजिए। आज आपके व्यवसाय का आपके कार्यों का और आपकी आमदनी का अच्छा विकास होने जा रहा है अच्छा विस्तार होगा

**१२मीन राशि** --अपने पुरुषार्थ पर पूरा विश्वास कीजिए आलोचनाओं से घबराकर अपना प्रयास और अपना काम नहीं छोड़िए। आप लाख अच्छा कीजिएगा कुछ लोग आज आपको परेशान करना चाहेंगे जानबूझकर बाल का खाल निकाल कर आपको मानसिक रूप से अस्त-व्यस्त करना चाहेंगे ।उनके कुछ नीचे से दूर रहकर आज आप कम कीजिए

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# 292 सफाईकर्मियों में 187 ड्यूटी पर, 105 गायब, सरयू राय ने उपायुक्त से एक्शन लेने को कहा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बोले सरयू मानगो नगर निगम का पैसा हो रहा है बर्बाद**

**नगर निगम के अफसरों की मिलीभगत से इनकार नहीं**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर हाल ही में गठित जनसुविधा समिति के सदस्यों ने गुरुवार को मानगो में सफाई कार्यों का जायजा लेने के लिए वार्ड नंबर 8, 9 और 10 का निरीक्षण किया। इन्होंने वहां इस बात का निरीक्षण किया कि मानगो नगर निगम ने जिन ठेकेदारों को सफाई कार्य के लिए नियुक्त किया है, उनके कितने सफाईकर्मी वहां काम कर रहे हैं। उन्होंने पाया कि जितनी संख्या में सफाईकर्मियों को नियुक्त करने का समझौता ठेकेदारों और नगर निगम के बीच में हुआ है, उससे काफी कम संख्या में सफाईकर्मी वहां कार्यरत हैं। अधिकांश सफाईकर्मी अवकाश पर थे। यह स्थिति बीते दो साल से ही यूं ही बनी हुई है।



इस कारण मानगो की सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। सरयू राय ने इस संबंध में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सूचित किया और कहा कि इस पर कार्रवाई करवाएं। नगर निगम का पैसे बर्बाद हो रहा है, उसकी बंदरबांट हो रही है। इस बंदरबांट में नगर निगम के अफसरों की मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

जनसुविधा समिति के अनुसार, वार्ड नंबर 8, 9 और 10 में कुल 292 सफाईकर्मी हैं। गुरुवार को इनमें से 187 सेवा करते पाये गए जबकि 105 गैर हाजिर रहे। आंकड़ों के अनुसार, वार्ड नंबर 8 में कुल सफाईकर्मियों की नियुक्ति हुई 59 जबकि गुरुवार को मौजूद रहे मात्र 53 सफाईकर्मी। 42 सफाईकर्मी अनुपस्थित रहे। यहां तरंग एन्टरप्राइजेज के 25 में से 17 सपाईकर्मी मौजूद रहे तो जेएसआर एन्टरप्राइजेज के 30 में से 16 सपाईकर्मी मौजूद थे। इसी प्रकार प्रसाद एन्टरप्राइज के 20 में से 13 सफाईकर्मी मौजूद रहे तो पीके एंटरप्राइजेज के 20 में से मात्र 7 सपाईकर्मी ही मौजूद थे।

वार्ड नंबर 9 में कुल 102 सफाइकर्मियों की नियुक्ति हुई है जिसमें गुरुवार को मात्र 67 मौजूद रहे और 35 अनुपस्थित रहे। इनमें साईं कृपा एन्टरप्राइजेज के 30 में से 15 सफाईकर्मी मौजूद थे तो एनएस कन्सट्रक्शन के 10 में से मात्र 3 सफाईकर्मी मौजूद रहे। सोनल एंटरप्राइजेज के 16 में से 8 सफाईकर्मी मौजूद थे तो संजय शर्मा के 15 में से मात्र 5 सफाईकर्मी ही मौजूद थे। विनय चौधरी के 16 में से 14 सफाईकर्मी मौजूद थे। अरविंद एन्टप्राइजेज के 15 में से 12 सफाईकर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण दस्ते में नीरज सिंह, पप्पू सिंह, संतोष भगत, पिंटू सिंह, बिनोद सिंह, प्रेम सक्सेना, चेतक सिंह, बाला प्रसाद, अजय शर्मा, अम्बिका पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## दीक्षांत समारोह को संबोधित करते अतिथि, दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्राएं

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मुसाबनी:-** गिरीश चंद्र झुरो देवी उच्च विद्यालय मुसाबनी में शनिवार को दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व कलम भेंट कर परीक्षा की अग्रिम शुभकामनाएं विद्यालय प्रबंधन की ओर से दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीसीजेडी हाई स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्य नारायण ओझा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुसाबनी ने अंचल अधिकारी हृषिकेश मरांडी विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के सचिव सह समाजसेवी बाबूलाल सिंह, विद्यालय के संस्थापक सह सचिव कुन्दन कुमार सिंह, मोहन चंद्र मार्डी,





हिमांशु पात्रो, सरस्वती विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य रूमी सरकार, प्रिंसिपल मुरारी प्रसाद सिंह ,शिवपूजन सिंह
चौहान, निराकार साहू आदि आदि उपस्थित थे।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी हृषिकेश मरांडी ने
कहा कि छात्र छात्राओं को मेहनत करने की जरूरत है। बच्चे अपने मेहनत के बदौलत हर मुकाम को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने अपने संबोधन से बच्चों में हौसला अफजाई किया। कहा आपके ऊपर आपके माता ,पिता, स्कूल ,शिक्षक आपके सगे संबंधियों का काफी भरोसा रहता है यह भरोषा टूटने न पाए इस बात का हमेशा ख्याल रखना चाहिए।

उन्होंने परीक्षा से संबंधित कई वेहतरीन जानकारी एवं टिप्स दिए। इंटर कॉलेज के सचिव बाबूलाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है। इसलिए सभी बच्चों को अनुशासित व संस्कारवान अवश्य होना
चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में कई रोचक कहानियां भी बच्चों को सुनायी।

संस्थापक कुंदन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान सकारात्मक सोच रखने आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठने का आह्वान किया। उन्होंने रामायण एवं भागवत गीता के कई संदर्भ से बच्चों को प्रेरित किया।

सभापति सत्य नारायण ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को एकाग्रता के साथ पढ़ाई करना चाहिए ।उन्होंने कड़ी मेहनत से बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने की सलाह दी। नवम के छात्र-छात्राओं ने प्रतिनिधि भाषण प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण इंटर कॉलेज के प्राचार्य शिव पूजन सिंह ने दिया ।इस मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की अद्भुत नजारा पेश किया। मौके पर पूरे स्कूल के बच्चों के लिए सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राओं ने सामूहिक फोटो सेशन भी करवाए।

## ज्ञान का महा भंडार है पुस्तकालय- अमित कुमार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया ।**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट), गम्हरिया में पुस्तकालय प्रभारियों के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी नौ प्रखंडों के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उदघाटन संस्थान के प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर वक्ता के रूप में जमशेदपुर वीमेंस विश्वविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी जया तिवारी, जिला पुस्तकालय सरायकेला के अमित कुमार एवं जिला पुस्तकालय पूर्वी सिंहभूम के कौशिक दत्ता उपस्थित थे। इस मौके पर शाल ओढ़ाकर एवं पौधा प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते जया तिवारी ने कहा कि किसी भी संस्थान का पुस्तकालय हृदय होता है। वहीं,



अमित कुमार ने पुस्तकालय को ज्ञान का महाभंडार बताया। मौके पर कौशिक दत्ता ने पुस्तकालय के रख-रखाव हेतु आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा पुस्तकालय प्रभारियों को पुस्तकालय को व्यवस्थित रखने के कई टिप्स दिए। इस मौके पर कोर्डिनेटर श्रवण कुमार ने पुस्तकालय के प्रयोग के सम्बन्ध में रोचक तथ्यों को साझा किया। कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंकज कुमार, किशोर प्रसाद, सोमनाथ मंडल, डॉ0 मनीला कुमारी, अनुभा सिंह, प्रभात कुमार मांझी, दशरथ महतो, राजकिशोर महतो, राज किशोर कर्मकार, मंतोष आदि की अहम भूमिका रही।

## आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की गंभीर समस्या,समाधान की मांग



राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**कोल्हान/जगन्नाथपुर** गुमुरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम लकीपाई गोप टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अपना चापाकल नहीं है। पड़ोस के 30 वर्ष पुराने चापाकल से काम चल रहा था परंतु उसका समरसेबल मशीन नीचे गिर जाने के कारण लगातार लाल पानी निकल रहा है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र में खाना बनाने एवं बच्चों को पीने में काफी असुविधा हो रही है। फिलहाल खाना बनाने के लिए थोड़े दूर से पानी का बंदोबस्त किया गया है जो स्थाई नहीं है। यह मामला सीधे बच्चों के सेहत के साथ जुड़ा हुआ है इसलिए गार्जियन बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजना नहीं चाहते हैं तथा आंगनबाड़ी को बंद करने की भी मांग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि यहां पर 40 से ऊपर बच्चे पढ़ने को आते हैं अगर यह आंगनबाड़ी बंद हो जाता है तो बहुत सारे बच्चे शिक्षा से नदारत हो जाएंगे। अभिभावकों का कहना है कि अगर यह लाल पानी पीकर हमारा बच्चा बीमार होता है तो इसकी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी सेविका की होगी या सरकार की होगी? जब तक स्थाई रूप से पानी की व्यवस्था न हो जाए तब तक अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजना चाहते हैं। अभिभावकों ने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया है कि आंगनबाड़ी केंद्र में जल्द से जल्द स्थाई रूप से साफ पानी का बंदोबस्त कराया जाए। मौके पर उपस्थित अभिभावक गण का नाम अवंती गोप दमयंती महाराणा सुशांति गोप कौशल्या गोप श्रीमती लगुरी हरीश दौराई गुनिया गुईया लालमोहन गोप सुनीता गोप शुक्रमनी लगुरी जयमनी महाराणा सुनीता लागुरी प्रमिला गोप आदि आदि।

## कंप्यूटर सिखाने के नाम पर ठगी, शिकायत लेकर चक्रधरपुर थाना पहुंचे विद्यार्थी

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**पूरे मामले को लेकर सैकड़ों विद्यार्थी चक्रधरपुर थाना पहुंचे और विजन स्मार्ट कंप्यूटर सेंटर चक्रधरपुर केखिलाफ लिखित शिकायत किए.**

**विजन स्मार्ट कंप्यूटर सेंटर के संचालक करन महतो ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा प्रताड़ना का आरोप लगाएं गए हैं, वह पूरी तरह से झूठा है.**

**चक्रधरपुर** चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप विजन स्मार्ट कंप्यूटर सेंटर का संचालन है. जिसका एक सेंटर चाईबासा के बड़ी बाजार तथा दूसरा जमशेदपुर के करनडीह चौक में भी है. लेकिन कंप्यूटर सिखाने के नाम पर इन सेंटरों द्वारा सैकड़ों विद्यार्थियों से मोटी रकम का ठगी किया जा रहा है. वहीं पैसा जमा



कराने को लेकर विद्यार्थियों पर प्रताड़ना करने का भी आरोप है. इसी मामले को लेकर गुरुवार को सैकड़ों विद्यार्थी चक्रधरपुर थाना पहुंचे और विजन स्मार्ट कंप्यूटर सेंटर चक्रधरपुर के नाम लिखित शिकायत किए. वहीं थाना प्रभारी राजीव रंजन द्वारा दोनों पक्षों से पुछताछ किए जा रहे हैं. शिकायतकताओं ने कहा कि हमे कंप्यूटर सिखाने को लेकर विजन स्मार्ट कंप्यूटर सेंटर में एडमिशन लिए हैं. जिसके लिए बाकायदा फार्म भी भरे हैं, लेकिन हमें कंप्यूटर संबंधी जानकारी कम दिए जा रहे हैं और लोगों को ठगने के लिए मार्केटिंग करने का सिखाया जाता है. इतना ही नहीं विद्यार्थी खोज लाने और उसका एडमिशन कराने का भी दबाव दिए जा रहे हैं. इसके आलावे पैसों को लेकर मानसिक प्रताड़ना किया जाता है. वहीं सर्टिफिकेट के दौरान भी पैसा लिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि नौ महीने के कोर्स के लिए विद्यार्थी से 10,800 रुपए लिए गए हैं. जब कोर्स पूरा हो जाता है एक फॉर्मेलिटी के तहत एग्जाम लेकर हमें सर्टिफिकेट थमा दिए जा रहे हैं जबकि ज्ञान के स्तर पर हमें कुछ भी सीखने को नहीं मिल रहा है एक तरह का यह हमारे साथ धोखा है. धोखा देने वाले कंप्यूटर सेंटर पर पुलिस प्रशासन कड़ाई से कार्रवाई करें और हमारे द्वारा दिए गए पैसे को वापस लौटए यही हमारा मांग है।

इधर, विजन स्मार्ट कंप्यूटर सेंटर के संचालक करन महतो ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा प्रताड़ना का आरोप लगाएं गए हैं, वह पूरी तरह से झूठा है. कुछ विद्यार्थी राजनीतिक करने लगे हैं और अन्य विद्यार्थियों को बहला फुसलाकर कर इस तरह का आरोप लगवाते रहते हैं. यह विद्यार्थी चाईबासा थाना में भी शिकायत किए थे. जहां कोई कार्रवाई नहीं हुआ तो चक्रधरपुर थाना शिकायत करने पहुंचे हैं. उन्होंने कहा कि जहां तक मार्केटिंग का सवाल है वैसे यहां कुछ भी नहीं सिखाए जाते हैं, लेकिन उन्हें रोजगार के लिए बताए जाते हैं. इस पर हमारे एडमिशन फॉर्म में भी दर्ज है. यदि विद्यार्थियों को सिखने में दिक्कत है तो उन्हें ओर समय देकर सिखाएं जाएंगे और अतिरिक्त शुल्क भी नहीं लगेगा.

## कांचा फुटबॉल मैदान में होगा स्टेडियम निर्माण, विधायक ने किया शिलान्यास

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**70 लाख रुपए की लागत से एक साल में स्टेडियम होगा तैयार**

खेलों के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि और प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने के उद्देश्य से पोटका विधायक संजीव सरदार ने घाघीडीह पंचायत के कांचा फुटबॉल मैदान में स्टेडियम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह आधुनिक स्टेडियम 70 लाख रुपये की लागत से बनेगा और इसमें 8,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव सरदार ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई ऊर्जा और सुनहरे अवसर लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम के निर्माण से भविष्य में न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी



मिलेगा।

**खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच**

विधायक ने आगे कहा, ₹हमारा उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह स्टेडियम सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि एक सपनों का मैदान होगा, जहां से कई युवा अपनी खेल यात्रा की शुरूआत करेंगे और बड़े स्तर पर पहचान बनाएंगे।₹

विधायक संजीव सरदार ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में पोटका क्षेत्र से कई खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे।

**स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों में उत्साह**

स्टेडियम निर्माण की घोषणा से स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा खिलाड़ी इस मौके पर उपस्थित रहे। लोगों ने विधायक संजीव सरदार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्टेडियम पोटका को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने में मदद करेगा।

## आदिम झारखंड वैष्णव वैरागी समिति वैष्णव मिलन कुंज आगामी 9 फरवरी को डोमजूडी ग्रीन सिटी में, पांच राज्यों के प्रतिनिधि करेंगे शिरकत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सुबह 8 बजे गोविंदपुर स्टेशन से निकलेगी प्रभातफेरी**

**जादूगोड़ा :** आगामी 9 फरवरी को डोमजूडी ग्रीन सिटी में आयोजित वैष्णव मिलन कुंज कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे गोविंदपुर रेलवे स्टेशन से प्रभात फेरी के रूप में होगी ।यह प्रभातफेरी गोविंदपुर स्टेशन से चलकर डोमजुड़ी ग्रीन सिटी में आकर समाप्त हो जाएगी। बैठक के बाद केंद्रीय अध्यक्ष सुंदरलाल दास ने कहा कि



कार्यक्रम का मकसद वैष्णव समाज को एकता के सूत्र में बांधना व उसे उत्थान की ओर ले जाना है।

**बैठक में शामिल लोग**

जादूगोड़ा : इस बैठक में आदिम झारखंड वैष्णव वैरागी समिति की ओर से केंद्रीय अध्यक्ष डॉ सुंदरलाल दास,केंद्रीय उपाध्यक्ष गुरुपद दास,महासचिव विद्या सागर दास, मृत्युंजय दास, नवदीप दास, श्याम पदो दास, मदन मोहन दास, बलराम दास, जितेंद्र नाथ दास, सुधन दास ,मिहिर दास, शिशिर दास सपन दास, समर दास, योगेश दास उज्जवल दास, हेमंतो दास, बाबू दास, हरिहर दास उपस्थित थे।

## प्रतिदिन बच्चों को योग का क्लास निर्धारित करे स्कूल प्रबन्धन : जीतेश कुमार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** :यूसिल प्रबंधन ने कैंसर के खतरे को टालने के लिए व प्लास्टिक के प्रति स्कूली बच्चों में जागरूकता लाने के लिए प्लास्टिक को कहो नो के नारे के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंचडा ( जादूगोड़ा) में स्कूली बच्चों के बीच कंपनी प्रबंधन ने कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत स्टेनलेश स्टील की 200 बोतले व उतनी ही संख्या में जुट बैग,समेत योगा मैट का वितरण किया। इधर सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके पूर्व बच्चों में पढ़ाई का तनाव कम करने के लिए स्कूल प्रांगण में ही योग का प्रशिक्षण दिया गया ।इस मौके पर कंपनी के सी एस आर कोडिनेटर जीतेश कुमार ने स्कूल पर प्रबंधन की एक क्लास योग रखने का सुझाव दिया ।इसी के साथ स्कूल में योग सत्र की शुरूआत की गई ।

कार्यक्रम में यूसिल के सी एस आर कोडिनेटर जीतेश कुमार,मुख्य अतिथि सह चीफ मैकेनिकल ( मिल) अंजोर बारला,एडिशनल मैनेजर तपोधिर भट्टाचार्जी, राहुल कुमार( तूरामडीह माइंस मैकेनिकल समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### 10 मोतियाबिन्द रोगियों का नि:शुल्क ऑपरेशन





राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया ।**आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, सरायकेला एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से गुरुवार को सात महिला एवं तीन पुरुष समेत कुल 10 मोतियाबिन्द रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। बताया गया है कि विगत एक फरवरी को आनन्दमार्ग स्कूल कांड्रा में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में इन मोतियाबिन्द पीड़ितों का आपरेशन के लिए चयनित किया गया था। सभी का गुरुवार को पूर्णिमा नेत्रालय में सफल आपरेशन कराकर सकुशल उनके घर पहुंचाया गया। इसके सफल आयोजन मे पूर्णिमा नेत्रालय के डॉ0 शान्तनु, आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम के गोपाल बर्मन, जितेन बर्मन, सूर्य प्रकाश, भर्तहरि, प्रवेश गोप आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### श्री जग्गनाथ सेवा ट्रस्ट ने मंत्री रामदास सोरेन को मंदिर निर्माण कार्य में पहला ईंट लगाने हेतु किया आमंत्रित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मुसाबनी**- श्री जग्गनाथ महिला समिति ने शिक्षा रामदास सोरेन के आवास पर भेंट कर उन्हें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। समिति के सदस्यों ने मंत्री रामदास सोरेन को आमंत्रण पत्र सौंप कर आगामी 12 फरवरी को श्री जगन्नाथ मंदिर के गुंबद निर्माण में पहला अपने हाथों से लगाने का आगरा किया इस आगरा को मंत्री ने स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शिरकत करने की सहमति प्रदान की। महिला समिति ने अपनी कुछ समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। शिक्षा मंत्री ने इन समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

प्रतिनिधि मंडल में ये लोग में महिला समिति की अध्यक्ष प्रतिभा साव, सचिव आरती दास, मुखिया बसंती सोरेन ,बन बिहारी पटनायक, अक्षय ब्रहमा तथा सुभमय दास आदि शामिल थे।

### हेंसलआमदा में माघ पूजा पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**विधायक संजीव सरदार रहे मुख्य अतिथि**

राष्ट्र संवाद संवाददाता



पोटका प्रखंड के हेंसलआमदा पंचायत में माघ पूजा के अवसर पर पारंपरिक एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और परंपरागत नगाड़ा बजाकर ग्रामवासियों का अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर विधायक सरदार ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति पूजन की परंपरा निभाता आ रहा है, जो हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार है। धर्म और समाज को एकजुट करने की शक्ति हमें प्रकृति से मिलती है, इसलिए इसे संरक्षित रखना सभी का कर्तव्य है।

ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी परंपराओं को जीवंत किया। विधायक ने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को शुभकामनाएँ दीं और समाज की समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।

### विधायक संजीव सरदार के पहल पर बच्चे का अस्पताल बिल माफ

राष्ट्र संवाद संवाददाता



पोटका विधायक संजीव सरदार फिर एक बार गरीब परिवार की मदद को आगे आए है। उन्होंने टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में भर्ती पोटका प्रखंड के रोलाडीह गांव निवासी 7 वर्षीय असीम गोप का बिल माफ करवाया है। असीम गोप को पीलिया और मलेरिया दोनो से ग्रसित होने पर टीएमएच में भर्ती कराया गया था. असीम गोप का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, और इलाज के पश्चात उसके पिता जागेश्वर गोप अस्पताल का बकाया बिल चुकाने में असमर्थ थे।

### केरूआडूंगरी पंचायत की महिलाएं होंगी डिजिटल साक्षर

राष्ट्र संवाद संवाददाता



डिजिटल लिटरेसी वर्कशॉप का आयोजन मुखिया कान्हू मुर्मू के पहल पर ळरा के द्वारा केरूआ डूंगरी पंचायत भवन में किया गया। पंचायत के प्रथम बैच में 40 महिलाओं को डिजिटल लिटरेसी ट्रेनिंग दिया गया। जिसमें महिलाओं को घर बैठे स्मार्ट फोन से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, सर्वर सिक्योरिटी, फोन पे, डिजी लोकर, आयुष्मान भारत, आभा कार्ड आदि बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मुखिया कान्हू मुर्मू ने बताया कि पंचायत के सभी महिलाओं को डिजिटल लिटरेसी का ट्रेनिंग दिया जाएगा। जिसमें मुखिया प्रतिनिधि के रूप में टी एस एफ के ट्रेनर रिया कुमारी, सहायक ट्रेनर संगीता टुडू, टी एस एफ कॉर्डिनेटर सुनीता टुडू, टी एस एफ फेलो सिदलाल टुडू , वार्ड सदस्य चम्पा हेंब्रम, पान सोती मर्दो आदि उपस्थित थे ।

### जादूगोड़ा की बेटी प्रियंका भक्त जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की बीएड टॉपर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जादूगोड़ा की बेटी प्रियंका भक्त जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की बीएड टॉपर बन , राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया सम्मानित

जादूगोड़ा :यूसिल कर्मी अमियों रंजन की बेटी प्रियंका भक्त जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की बीएड टॉपर बन जादूगोड़ा का नाम रौशन किया है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को सिदगोड़ा कॉलेज कैंपस में आयोजित दीक्षित समारोह में गोल्डमेडल , प्रमाण पत्र डिग्री देकर सम्मानित किया। प्रियंका जादूगोड़ा स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय में 2015 में मैट्रिक की छात्रा रही हैं। यही से बारहवीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर उच्च शिक्षा हेतु प्रियंका भक्त ने 2023 में गुरु गुरु घासी विश्वविद्यालय बिलासपुर में नामांकन लिया ।कड़ी मेहनत के बल पर वह बायोटेक्नोलॉजी में गोल्डमेडल हासिल कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया गोल्ड मेडल हासिल की।

# महाकुम्भ में तिब्बत की स्वायत्तता का प्रस्ताव पास, सनातन बौद्ध एकता का दिया गया संदेश



**महाकुम्भनगर,,एजेंसी।।**

प्रयागराज महाकुम्भ से बुधवार को दुनिया के कई देशों के भंते, लामा व बौद्ध भिक्षुओं व सनातन के धर्माचार्यों की उपस्थिति में सनातन बौद्ध एकता का संदेश दिया गया। बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघम् शरणम गच्छामि के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को बौद्ध भिक्षुओं ने शोभायात्रा निकाली। यात्रा का समापना जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि के प्रभु प्रेमी शिविर में हुआ। वहां पर बौद्ध भिक्षुओं का स्वागत किया। इस अवसर पर महाकुम्भ में तीन प्रमुख प्रस्ताव पास किया गया।। बांग्लादेश व पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद हो पहला प्रस्ताव पास हुआ। दूसरा प्रस्ताव तिब्बत की स्वायत्तता को लेकर पास हुआ। वहीं तीसरा प्रस्ताव सनातन व बौद्ध की एकता को लेकर पास किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्वासित तिब्बत की रक्षामंत्री गैरी डोलमाहम ने कहा कि सब लोगों के लिए ऐतिहासिक आयोजन है। यह पावन धरती पर बहुत कुछ पहली बार हो रहा है। इतिहास रचा जा रहा है। मैं एक नए इतिहास में भाग ले रही हूं। सनातन व बौद्ध धर्म के बीच जो होना चाहिए जिस तरह का प्रेम भावना नजदीकी होना चाहिए उसकी तरफ बहुत बड़ा कदम इस पावन धरती पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम बुद्धिस्ट के अंदर भी महायान हैं, हीनयान हैं, वज्रयान हैं उसके भीतर भी अलग-अलग मठ से आते हैं। इस पावन धरती पर संघ के मार्गदर्शन में हम सबको साथ लाया। एक तरफ भिक्षु एक तरफ लामा देखकर आनंद की अनुभूति हुई। महाम्याकुंभ में हम बौद्ध व सनातनी एक साथ आए हैं और कदम मिलाकर चल रहे हैं। म्यांमार से आये भदंत नाग वंशा ने कहा कि मैं पहली बार महाकुम्भ में आया हूं। हम बौद्ध व सनातन में बहुत ही समानता है। हम लोग विश्व शांति के लिए काम करते हैं। हम भारत और यहां के लोगों को खुश देखना चाहते हैं। भारत सरकार बौद्ध धर्म का काम करने में सहयोग करती है। हम लोग मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आभार जताते हैं। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के भदंत शील रतन ने कहा कि हम सब एक थे एक हैं एक रहेंगे। हम सब को सुखी करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जो सनातन मार्ग पर चलता है। जो कुशल कर्मों को करता है वह कभी दुखी नहीं रहता। भारत कभी विचलित नहीं होता। भारत फिर से अखण्ड होगा और जगद्गुरू भारत बनेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य इन्द्रेश कुमार ने कहा कि वह दिन आयेगा जब स्वप्न साकार होगा। सनातन ही बुद्ध है। बुद्ध ही शास्वत व सत्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था भारत के पास युद्ध नहीं बुद्ध है। हम एक रहेंगे तो एक नया भारत व एक नया विश्व जो युद्धमुक्त,छुआछूत मुक्त,गरीबी मुक्त होगा।

कुंभ से सनातन व बौद्धमत के समन्वय की धारा को आगे ले जाकर काम करेंगे सत्य का साक्षात्कार करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार गुलाब कोठारी ने कहा कि सबके मन में एक ही ईश्वर है। कुंभ बहुत बड़ा शब्द है। यह त्रिवेणी से जुड़ा है। यहां से समता स्वतंत्रता व बंधुत्व का संदेश जाना चाहिए।

## भारतीय फार्माकोपिया दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है: अनुप्रिया पटेल




**नई दिल्ली,एजेंसी।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को कहा कि भारतीय फार्माकोपिया दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय फार्माकोपियाज सम्मेलन रेगुलेटरी सामंजस्य के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और बढ़ावा देगी। अनुप्रिया पटेल विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय फार्माकोपिया आयोग द्वारा आयोजित विश्व फार्माकोपियास की 15वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में फार्मास्युटिकल मानकों और सामंजस्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए वैश्विक फार्माकोपियल नेताओं, नियामक अधिकारियों और उद्योग हितधारकों को एक साथ लाया गया।

अनुप्रिया पटेल ने वैश्विक फार्मास्युटिकल मानकीकरण और नियामक अभिसरण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने विश्व की फार्मेसी के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला और विश्व स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईएमडब्ल्यूपी फार्माकोपियल विज्ञान और नियामक सामंजस्य में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने आईपीसी न्यूज़लेटर 2024 और एक विशेष आईपीसी वीडियो फिल्म भी जारी की, जो फार्माकोपियल विज्ञान में भारत की प्रगति और उच्च गुणवत्ता वाले फार्मास्युटिकल मानक सुनिश्चित करने में आयोग के प्रयासों को प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने फार्मास्युटिकल गुणवत्ता मानकों को मजबूत करने में वैश्विक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ नियामक ढांचे को संरेखित करने और दुनिया भर में सुरक्षित और प्रभावी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भारत के प्रयासों को दोहराया।

## पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर भारत में बदलेगा मौसम का मिजाज, 8 फरवरी से कई स्थानों पर हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली,एजेंसी।**



पश्चिमी विक्षोभ के चलते एक बार फिर उत्तर भारत के मौसम में बदलाव हो सकता है। आठ फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी होने से पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने से न्यूनतम तापमान में चार डिग्री पर लुढ़क सकता है।

बुधवार को मौसम विभाग ने बताया कि आठ फरवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र में पहुंचेगा, जिसके प्रभाव से 08 और 14 फरवरी के बीच पहाड़ों पर मौसम की गतिविधियां बनेंगी। 09 और 11 फरवरी के बीच इसका ज्यादा असर देखने को मिल सकता है। हालांकि, बारिश और बर्फबारी मुख्यतः पहाड़ों तक सीमित रहेगी। आईएमडी ने दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया है, जो सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक होगा। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना व्यक्त है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले दो तीन दिनों तक तापमान में 2-3 डिग्री की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा। पूर्वी भारत में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि और उसके बाद 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। महाराष्ट्र में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है और उसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। कुछ एक स्थानों पर बर्फबारी भी हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में और भी वृद्धि हो सकती है, लेकिन फिर गिरावट भी आएगी।

प्रदूषण में आई कमी

हवा की गति और बारिश के कारण दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण में गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 258 के आसपास दर्ज किया गया। गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता सूचकांक 302 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है, जबकि फरीदाबाद का एक्यूआई 217 रहा।

## जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म करने के प्रति कटिबद्ध है मोदी सरकार: अमित शाह

**नई दिल्ली,एजेंसी।**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार जम्मू एवं कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवाद का इकोसिस्टम काफी कमजोर हो गया है। अमित शाह ने आज नई दिल्ली में जम्मू एवं कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, जम्मू एवं कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय और जम्मू एवं कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। गृहमंत्री अमित शाह ने एक दिन पहले भी जम्मू एवं कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की थी जिसमें थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, और केंद्रीय गृह सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था।

गृहमंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ को पूरी तरह से रोकने का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ और आतंकवाद पर निर्ममता के साथ कठोर कार्रवाई करें। आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से खत्म करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि नार्को नेटवर्क से घुसपैठ और आतंकियों को अपनी गतिविधियां चलाने में समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नार्कोटिक्स के व्यापार से प्राप्त पैसे से हो रही टेरर फंडिंग के खिलाफ तत्परता से कार्रवाई करने की ज़रूरत है। अमित शाह ने एजेंसियों से नए आपराधिक कानूनों के मद्देनज़र फ़ोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) के पदों में नई नियुक्तियां करने का निर्देश दिया। उन्होंने आतंकवाद-मुक्त जम्मू एवं कश्मीर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की मोदी सरकार की नीति पर बल दिया। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए तालमेल के साथ काम करना जारी रखने का निर्देश दिया। गृहमंत्री ने जम्मू एवं कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य के सभी मानकों में महत्वपूर्ण सुधार प्रयासों की सराहना की।

## शिवराज सिंह चौहान ने भगवान महाकाल के किए दर्शन, बेटों की शादी का दिया निमंत्रण



**उज्जैन/भोपाल,एजेंसी।**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को पत्नी साधना सिंह और दोनों बेटे के साथ उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान महाकाल को अपने दोनों बेटों की शादी का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ भगवान महाकाल के दर्शन कर गर्भगृह में पूजन-अभिषेक किया और नंदी हॉल में ध्यान लगाकर बाबा का आशीर्वाद लिया। चौहान बुधवार को दोपहर करीब 2:30 बजे अपने परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूजन के दौरान बाबा भगवान से आशीर्वाद लेकर बेटे कुणाल और बेटे कार्तिकेय की शादी की पत्रिका उन्हें अर्पित की। पूजन के बाद मंदिर समिति की ओर से केन्द्रीय मंत्री चौहान और उनके परिवार का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल की कृपा और आशीर्वाद सब पर बना रहे। महाकाल सब का कल्याण करें। उन्होंने जब बुलाया तो भक्त चला आया। आज भगवान महाकाल को दोनों बेटों की शादी का सपरिवार निमंत्रण दिया है कि भगवान बेटों के विवाह में सपरिवार पधारें। गौरतलब है कि शिवराज सिंह चौहान के दोनों बेटों कुणाल और कार्तिकेय की शादी की तारीखें तय हो गई हैं। छोटे बेटे कुणाल की शादी 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के अवसर पर भोपाल से होगी। भोपाल के जाने माने डॉक्टर इंद्रमल जैन की पोती रिद्धि जैन से कुणाल की करीब 8 माह पहले सगाई हुई थी। रिद्धि के पिता का नाम संदीप जैन है। कुणाल और रिद्धि साथ में पढ़े हैं।

शिवराज सिंह के बड़े बेटे कार्तिकेय सिंह की शादी 5 और 6 मार्च को उदयपुर में होगी, जबकि 12 मार्च को भोपाल में रिसेप्शन होगा। कार्तिकेय सिंह का रिश्ता देश की जानी-मानी लिबर्टी शूज कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुपम बंसल की बेटी से हुआ है।

## नाबालिक लड़की को बेचने का काम करती है निशा तीयू?



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

जमशेदपुर परसुडीह थाना अंतर्गत लोको कॉलोनी के रहने वाली नाबालिक लड़की को बेचने का मामला प्रकाश में आया है

जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी की रहने वाली 9 क्लास की छात्रा सरस्वती पूजा के दिन गायब थी माता पिता दोनों काम करने चल गया था जब घर आया तो पता चला कि बेटी घर में नहीं थी जब आस पास और अपने रिश्तेदार के यहां पूछा तो कुछ भी पता नहीं चला, तब परिजन के द्वारा परसुडीह थाना में बेटी गुम होने का लिखित शिकायत की गई

लड़की की मां ने पंचायत की मुखिया , पूर्व पंचायत समिति और बस्ती की अन्य महिला जानकारी दिया तब पता चला कि लड़की अक्सर पड़ोसा के रहने वाली निशा तीयू महिला के घर जाया करती थी परसुडीह पुलिस की सक्रियता से नाबालिक बच्ची को बोकारो से बरामद किया गया है मामले की जांच कर रही है परसुडीह पुलिस

पंचायत की मुखिया काजल हांसदा ने कहीं की हमारे पंचायत में ह्यूमन ट्रैफिक का मामला प्रकाश में आया है और एक नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर दिल्ली में बेचने का काम यहां के रहने वाले महिला निशा तीयू के द्वारा की गई है जो कि गंभीर मामला है इसे पुलिस के द्वारा उच्च स्तरीय जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है इसमें जो भी लोग दोषी है उसे गिरफ्तार किया जाए

## अमेठी में रंगदारी मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



अमेठी।रंगदारी मांगने के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त को मोहनगंज पुलिस ने क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक जिले में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में गुरुवार को मोहनगंज में तैनात एसआई सुरेश कुमार दीक्षित व उनकी टीम क्षेत्र के चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु०अ०सं० 31/25 धारा 308(5) बीएनएस थाना मोहनगंज अमेठी में वांछित अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ बन्टी सिंह निवासी ग्राम-भवानी नगर मजरे चिनगाही थाना- मोहनगंज जनपद अमेठी को भवानी नगर मोड के पास से समय करीब एक बजकर पचीस मिनट पर दिन में गिरफ्तार किया। वांछित की गिरफ्तारी कर मोहनगंज पुलिस ने आवाश्यक विधिक कार्यवाही की।

## मुंबई एयरपोर्ट पर मलेशिया से लाए गए पांच सियामंग गिब्बन जब्त, यात्री गिरफ्तार

**मुंबइ,एजेंसी।**



सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मंगलवार की रात मुंबई एयरपोर्ट पर दुर्लभ प्रजाति के पांच सियामंग गिब्बन (सिम्फैलंगस सिंडैक्टाइलस) जीवों को बरामद किया है। इन सभी को कुआलालंपुर से मुंबई आए यात्री ने प्लास्टिक के बक्से और पिंजरों में छिपाकर ट्रॉली बैग के अंदर छिपाया था। कस्टम विभाग ने यात्री को आगे की जांच के लिए वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो को सौंप दिया है।

कस्टम सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार की रात में कुआलालंपुर से आए एक यात्री को शक के आधार पर रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके बैग में पांच सियामंग गिबन्स मिले। इसके बाद इन गिब्बन को जब्त कर लिया है। वन्यजीव तस्करी के इस मामले की छानबीन की जा रही है। कस्टम अधिकारी ने बताया कि इस प्रजाति के सियामंग गिब्बन इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के जंगलों में पाए जाते हैं जो धीरे -धीरे कम होते जा रहे हैं। इन सभी गिब्बन को उनके मूल देश वापस भेजने के लिए तत्काल कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि उनकी सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि सिम्फैलंगस सिंडैक्टाइलस एक गिब्बन बंदरों की तरह दिखने वाली एक प्रजाति है। यह ज्यादातर मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड के जंगलों में पाई जाती है। बंदरों के समान दिखने वाले गिब्बन ज्यादातर पेड़ों में रहते हैं। ये चिम्पांजी, गोरिल्ला, वनमानुष और मनुष्यों के समान नहीं हैं, क्योंकि उनके प्रत्येक हाथ में केवल दो उंगलियां होती हैं।

## अंबुजा नेवटिया ग्रुप का बड़ा ऐलान, पश्चिम बंगाल में करेगा 1500 करोड़ का निवेश

**कोलकाता,एजेंसी।**




अंबुजा नेवटिया ग्रुप ने पश्चिम बंगाल में 1500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। यह निवेश अगले पांच वर्षों में स्वास्थ्य, आतिथ्य, रियल एस्टेट और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में किया जाएगा। इस परियोजना के तहत राज्य में पांच नए अस्पताल, ताज होटल्स के साथ लग्जरी होटल सर्किट, गोल्फ-थीम टाउनशिप और बड़े पैमाने पर आवासीय एवं वाणिज्यिक परियोजनाओं का विकास किया जाएगा। अंबुजा नेवटिया ग्रुप का बड़ा ऐलान, पश्चिम बंगाल में करेगा 1500 करोड़ का निवेश

बुधवार को बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) में अंबुजा नेवटिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नेवटिया ने इस महत्वपूर्ण निवेश योजना की घोषणा की। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार की उद्योगों को बढ़ावा देने वाली नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि बंगाल हमेशा से हमारा घर और कर्मभूमि रहा है। हम इसके विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन परियोजनाओं से नई नौकरियां पैदा होंगी, बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और राज्य को व्यापार एवं पर्यटन का हब बनाने में मदद मिलेगी।

अंबुजा नेवटिया ग्रुप स्वास्थ्य क्षेत्र में 1500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जिसके तहत राज्य में पांच नए अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इन अस्पतालों में कुल एक हजार 300 नए बेड जोड़े जाएंगे, जिससे कोलकाता, दुर्गापुर और सिलीगुड़ी जैसे शहरों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाएगा।

ग्रुप दो हजार 700 करोड़ रुपये की लागत से एक लग्जरी हॉस्पिटैलिटी सर्किट विकसित करेगा। इसके तहत ताज होटल्स के साथ साझेदारी में सात नए होटल बनाए जाएंगे, जो दार्जिलिंग, दीघा और सुंदरबन जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थित होंगे। इसके अलावा, कोलकाता और सिलीगुड़ी में दो बड़े कन्वेंशन होटल भी बनाए जाएंगे, जिससे राज्य में पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी।

अंबुजा नेवटिया ग्रुप पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से 240 एकड़ में फैली एक गोल्फ-थीम टाउनशिप विकसित करेगा। इस परियोजना में 18-होल गोल्फ कोर्स, लग्जरी विला, अपार्टमेंट और एक गोल्फ होटल शामिल होगा। यह पश्चिम बंगाल के रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए एक अनूठा योगदान होगा।

आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं के तहत ग्रुप छह हजार 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इस योजना में नौ बड़े प्रोजेक्ट शामिल होंगे, जिनमें लाखों वर्गफुट का निर्मित क्षेत्र जोड़ा जाएगा।

इन परियोजनाओं के साथ पश्चिम बंगाल में बढ़ते बुनियादी ढांचे, विस्तारित मेट्रो कनेक्टिविटी और बेहतर सड़क नेटवर्क को और मजबूती मिलेगी। अंबुजा नेवटिया ग्रुप का यह विशाल निवेश हजारों नई नौकरियां पैदा करेगा और राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देगा।

## भूटान के प्रधानमंत्री नहीं पहुंचे बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में, कृषि मंत्री ने किया प्रतिनिधित्व

**कोलकाता,एजेंसी।**



बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 में भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के स्थान पर वहां के कृषि मंत्री योंटेन फुंतशो ने प्रतिनिधित्व किया। पहले तोबगे के इस समिट में शामिल होने की उम्मीद थी, लेकिन अंतिम समय में उनकी यात्रा रद्द हो गई। भूटान के कृषि मंत्री योंटेन फुंतशो ने समिट में भाग लेते हुए अपने देश के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों पर प्रकाश डाला और बताया कि भूटान जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। भूटान हाइड्रोपावर, सौर, पवन और भू-तापीय क्षमता सहित प्रचुर नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध है, जिससे यह दक्षिण एशिया में स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। फुंतशो ने भूटान की सख्त संरक्षण नीतियों और निवेशक-अनुकूल माहौल पर जोर देते हुए क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हरित ऊर्जा सहयोग को आमंत्रित किया।

यह दो दिवसीय समिट बुधवार को कोलकाता में शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# डीएम ने विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यों का किया समीक्षा बैठक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बेगुसराय,** जिला पदाधिकारी बेगूसराय,तुषार सिंगला ने विधुत विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं किए जा रहे सभी कार्यो की समीक्षा हेतु समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग बेगूसराय एवं बरौनी , प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा , विद्युत विभाग के सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता एवं विद्युत विभाग अंतर्गत कार्यकारी एजेंसी से संबंधित लोग भी उपस्थित थे।



बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग बेगूसराय एवं बरौनी को विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे सभी कार्यो के संबंध मे आमजनों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु निदेशित किया गया साथ ही कहा गया की लगातार घर, मकान, भवन, दुकान एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों आदि के बगल से गुजरने वाले विधुत तारो का लगातार निरीक्षण किया जाये ताकी किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को पहले ही रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा विधुत ट्रांसफार्मर एवं पोल के संस्थापन एवं अन्य किसी कार्य के लिए सार्वजनिक स्थलों का अतिक्रमण नहीं किया जाये एवं किसी भी ऐसे जगह पर पोल एवं ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जहां लोगों को इससे आवागमन में परेशानी हो।

जिलाधिकारी ने कहा कायार्पालक अभियंता विद्युत को निदेशित किया गया कि उपभोक्ताओं द्वारा लिए गए नए विद्युत कनेक्शन, ऐप के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे विद्युत सुविधाओं , पुराने मीटर के जगह लगाये जा रहे नए स्मार्ट मीटर लगाए , नए एवं सुरक्षित तरीकों से लगाये जा रहे ट्रांसफार्मर के संबंध मे आमजनों से इसका फीडबैक अवश्य प्राप्त करे। एवं जहाँ कमी अथवा शिकायत प्राप्त हो उसे अविलंब सुधार करने की प्रक्रिया भी अपनायी जाये।

जिला पदाधिकारी द्वारा विधुत विभाग में कार्य रहे एजेंसियों की भी समीक्षा की गई तथा सभी कार्यपालक अभियंता को ससमय कार्य पूर्ण करने का निदेश भी दिया गया एवं कार्य ससमय पूरा नहीं होने की स्थिति में संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया।

# गया में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गया:** बिहार के गया जिले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के स्थानीय नेता महेश मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था) रवि प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सिंह ने बताया कि अब तक की छानबीन से पता चला है कि मिश्रा का जमीन को लेकर अपने रिश्तेदार से विवाद था और वह बुधवार रात एक भोज में शामिल होने गए थे, तभी घात लगाए बदमाशों ने उन पर गोलीबारी कर दी।

सिंह के मुताबिक, मिश्रा बेलागंज थाना क्षेत्र के चिरैला पंचायत के उपमुखिया और जदयू प्रखंड सचिव थे।





गया पुलिस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पांच फरवरी की रात को बेलागंज थाने को सूचना मिली कि चुलीहारा बीघा गांव में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है, जिसके बाद थानाध्यक्ष तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।बयान में कहा गया है कि वारदात के सिलसिले में चुलीहारा बीघा गांव निवासी कामता मिश्रा, सुधीर मिश्रा और रणधीर मिश्रा को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने दावा किया कि गिरफ्तार आरोपियों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि उनका महेश मिश्रा के साथ विवाद था, जिसके लेकर बुधवार को दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ और उन्होंने जदयू नेता को गोली मार दी।

# शाम्हो प्रखंड में डिग्री कॉलेज का सपना पूरा ,अगले सत्र से पहले पढ़ाई होगा चालू: विधायक राजकुमार

**राष्ट्र संवाद, संवाददाता**
**सुमन कुमार**

जिले के शाम्हो प्रखंड में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए भवन बनने के लिए तेजी से प्रक्रिया शुरू कर दिया गया रहा है । मटिहानी विधायक श्री राजकुमार सिंह के प्रयास से छोटा प्रखंड में मुख्यमंत्री के द्वारा शाम्हो में डिग्री कॉलेज निर्माण की घोषणा करने के बाद कॉलेज भवन निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण एवं भवन निर्माण के लिए लगातार प्रखंड से लेकर राज्य तक शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंच रहे हैं श्री कल्याण सिंह प्लस टू स्कूल शाम्हो सरलाही।



वहीं मटिहानी विधायक श्री राजकुमार सिंह ने बताया कि अगले शत्र होने से पहले डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू हो जाएगा इस बीच भवन का भी निर्माण बहुत तेजी से होगा।

इस मौके पर जिला परिषद अमित कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रणधीर कुमार उर्फ नुनु सिंह प्रखंड बीडीओ विनय मोहन झा, विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार कांग्रेस नेता टिंकू कुमार, सीताराम सिंह, रामकुमार सिंह सभी अधिकारी के साथ मौजूद थे

# कपूर्री ठाकुर आजीवन समाज के दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए किया संघर्ष- उर्मिला ठाकुर

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

## खोदावंदपुर कपूर्री सभागार में राष्ट्रीय नाई महासभा संघ का सम्मेलन आयोजित

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर आजीवन समाज के दलित, पिछड़े व वंचित वर्ग के लोगों के लिए संघर्ष किया. वे गरीबों के मसीहा थे. मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने शिक्षा में अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया.कपूर्री ठाकुर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया. आज जननायक के बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है. यह बातें बिहार विधान परिषद सदस्य व राजद की वरिष्ठ नेत्री उर्मिला ठाकुर ने कहीं. वे गुरुवार को



खोदावन्दपुर कपूर्री सभागार में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय नाई महासभा प्रखंड इकाई खोदावन्दपुर व चेरियाबरियारपुर का संयुक्त सैलून समिति सम्मेलन को संबोधित कर रही थी. उन्होंने कहा कि जाति, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर कपूर्री ठाकुर ने समाज के अंतिम पायदान पर जीवन गुजर बसर करने वाले लोगों के लिए आवाज बुलंद किया. गरीबों, शोषित, पीड़ित वर्ग के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था उन्हीं की देन है. उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर सादा जीवन उच्च विचार के ज्वलंत उदाहरण हैं. सुश्री ठाकुर ने कहा कि भले ही राजनीतिक दृष्टि से आज हमारा देश स्वतंत्र है, परंतु आर्थिक दृष्टि से समाज का पिछड़ा वर्ग गुलाम ही है. इस मौके पर सेवानिवृत पंचायत सचिव सह राष्ट्रीय नाई महासभा निदेशक मंडल के रामदास ठाकुर ने कहा कि आज समाज के पिछड़े वर्ग के लोग भी उच्च पदों पर आसीन हैं और सदन में भी इस वर्ग के लोग प्रतिनिधि हैं, यह कपूर्री ठाकुर की ही देन है. गुलाम भारत में जन्म लेने वाले कपूर्री ठाकुर बिहार के दो बार मुख्यमंत्री बने, परंतु उनका जीवन झोपड़ी में ही बीता.अपने लिए उन्होंने न कोई बंगला बनवाया और न ही चमचमाती गाड़ी ही खरीदी. इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक देवनन्दन ठाकुर ने की, जबकि मंच का संचालन राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला जिलाध्यक्ष प्रो रविन्द्र कुमार उर्फ पप्पू ने किया. राष्ट्रीय नाई महासभा प्रखंड इकाई खोदावन्दपुर व चेरियाबरियारपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भोजपुरी के लोक कलाकार भिखारी ठाकुर को भी याद किया गया. जननायक कपूर्री ठाकुर एवं भोजपुरी के लोक कलाकार भिखारी ठाकुर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों ने उन्हें याद किया.आगत अतिथियों को फूल माला, चादर, कलम व डायरी से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ ठाकुर,गोपालपुर पंचायत के मुखिया आलोक ललन भारती, बसही पंचायत के पूर्व मुखिया प्रो संजय कुमार सुमन, नाई सभा के जिला सचिव प्रभु प्रताप ठाकुर, शिक्षक सचितानंद ठाकुर, समाजसेवी अरुण कुमार मिश्र आदि ने संबोधित किया. सम्मेलन में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व राजद नेत्री कुमारी सावित्री कुशवाहा, शिक्षक प्रकोष्ठ के महासचिव अशोक यादव, विधान पार्षद प्रतिनिधि अरविंद कुमार यादव, सरपंच उषा कुमारी, संगठन मंत्री प्रो सुभाषचन्द्र नागमणि, राज्य प्रतिनिधि मथुरा ठाकुर, उमानंद ठाकुर, उपमुखिया रामेश्वर ठाकुर, राजेश ठाकुर, स्वर्गीय सियाराम महतो, शंभू सुमन, शिवशंकर कुमार सहित दोनों प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों नाई समाज मौजूद थे.

वहीं दूसरी ओर पर्यवेक्षक नंदलाल ठाकुर व संरक्षक राम विनय ठाकुर की देखरेख में संगठात्मक चुनाव किया गया, जिसमें खोदावंदपुर सैलून समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर ठाकुर, सचिव रामनाथ ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, चेरिया बरियारपुर के अध्यक्ष प्रमोद ठाकुर सहित 15-15 सदस्यीय टीम गठित किया गया. जिन्हें संगठन के वरीय अधिकारियों के द्वारा माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

# एनपीएस रजिस्ट्रेशन में देरी को लेकर जिलाधिकारी से मिले गोपगुट के प्रतिनिधि

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

बेगूसराय जिले में एनपीएस रजिस्ट्रेशन में जिला शिक्षा कार्यालय बेगूसराय द्वारा बरती जा रही उदासीनता के कारण जिले के हजारों शिक्षकों के जनवरी माह का वेतन भुगतान आधार में लटका हुआ है इसको लेकर के शिक्षकों में तीखा आक्रोश है बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट बेगूसराय ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस मसले पर तेजी लाने की गुहार लगाई है बताते चलें कि सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत जिले के हजारों नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त हो चुका है और राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त होने के बाद उनके वेतन भुगतान प्रक्रिया में बदलाव होना है बतौर विशिष्ट शिक्षक एनपीएस में उनलोगों का रजिस्ट्रेशन होना है इस संबंध में प्राथमिक निदेशक शिक्षा विभाग एवं सचिवालय स्तर पर जनवरी के मध्य में ही पत्र जारी हो चुका है पत्र जारी होने के उपरांत भी जिले के हजारों शिक्षकों के द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन अप्लाय किया गया है शिक्षकों के आवेदनों को जांचोपरांत जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा अप्रुव किया जाना है बावजूद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा उनके एनपीएस आवेदनों पर अप्रूवल नहीं दिए जाने की वजह से शिक्षकों का प्राण जेनरेशन का कार्य ठप पड़ा हुआ है

इस स्थिति में शिक्षकों के जनवरी माह के वेतन का भुगतान में विलंब होना तय है गौरतलब है बहुत सारे शिक्षक बैंकों से लोन लिए हुए हैं, जिस वजह से बैंकों का भी उनके ऊपर काफी दबाव रहता है लेकिन एनपीएस रजिस्ट्रेशन में विभागीय लापरवाही के वजह से शिक्षकों का वेतन अधर में है इस बाबत प्रेस बयान जारी बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट बेगूसराय के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र और जिला महासचिव ज्ञानप्रकाश ने बताया कि जिला शिक्षा कार्यालय बेगूसराय की लापरवाही की वजह से

शिक्षकों के एनपीएस रजिस्ट्रेशन कार्य में विलंब हो रहा है जिला शिक्षा कार्यालय बेगूसराय अविलंब इस मसले पर पहल लेते हुए जल्द से जल्द शिक्षकों के एनपीएस संबंधी आवेदनों की विधिवत जांच करते हुए अप्रूवल देने का काम तेज करें ताकि शिक्षकों के एनपीएस निबंधन पूर्ण हो सके और शिक्षकों का ससमय वेतन भुगतान सुनिश्चित हो

# हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

साहेबपुरकमाल /बेगुसराय साहेबपुरकमाल थानान्तर्गत जीरो माईल गोलंबर के निकट से एस०टी०एफ०, रडॅ-01 की टीम के द्वारा 01 अपराधकर्मी को किया गया गिरफ्तार। 01 देशी कट्टा, 02 कारतूस, 01 खोखा एवं 01 मोबाईल जप्त ।

घटना का विवरण :- साहेबपुरकमाल थानान्तर्गत दिनांक-05.02.25 की संध्या में ग्राम हीराटोल जीरोमाईल गोलंबर के पास एस०टी०एफ० (रडॅ-01) के पुलिस पदाधिकारी पु०नि० अरूण कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा वांछित अपराधकर्मियों के विरूद्ध रेकी एवं आसूचना संकलन किया जा रहा था उसी दौरान 03 मोटरसाईकिल पर सवार कुल 08 युवक ग्राम हीराटोल की ओर जा रहे थे जिसमें से 01 मोटरसाईकिल पर सवार 03 युवकों में से बीच में बैठे युवक अपने हाथ में देशी कट्टा लहरा रहे थे।

तत्पश्चात एस०टी०एफ० (रडॅ-01) की टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 01 अपराधकर्मी रवि कुमार यादव उम्र करीब 28 वर्ष पे०-राजीव रंजन कुमार उर्फ कांगो यादव सा०-हीराटोल वार्ड नं0-02 थाना-साहेबपुरकमाल जिला-बेगूसराय को 01 देशी कट्टा, 02 जिंदा कारतूस, 01 गोली का खोखा एवं 01 मोबाईल के साथ पकड़कर विधिवत साहेबपुरकमाल थाने के पुलिस टीम को सुपुर्द किया गया। विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

दर्ज कांड सं० :- साहेबपुरकमाल थाना कांड सं0-25/25 दिनांक-05.02.25 धारा 191 (2)/223/352/109(1) बी०एन०एस० एवं 25 (1-बी) ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट।

बरामदगी/जप्ती:-

(01.) देशी कट्टा :-01
(03.) गोली का खोखा :- 01
(02.) जिन्दा कारतूस :-02
(04.) मोबाईल :-01

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम / पता :-

01. रवि कुमार यादव उम्र करीब 28 वर्ष पे० राजीव रंजन कुमार उर्फ नागो यादव सा०-हीराटोल वार्ड नं0-02 थाना-साहेबपुरकमाल जिला-बेगूसराय।

आपराधिक इतिहास :-

01. साहेबपुरकमाल थाना कांड सं0-110/14 दिनांक-24.04.14 धारा-341/323/379/504/34 भा०द०वि०
02. साहेबपुरकमाल थाना कांड सं0-239/16 दिनांक-18.11.16 धारा-341/323/307/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट
03. साहेबपुरकमाल थाना कांड सं0-44/18 दिनांक-06.03.18 धारा -341/323/325/429/354/504 /506/34 भा०द०वि०

# भक्तों ने नाम आंखों से हंस वाहिनी मां सरस्वती को किया विदा

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

## सरस्वती माई की खूब लगाये जयकारे- श्रद्धालु, अबीर गुलाल लगाकर गाजे बाजे के साथ निकाली गयी विसर्जन यात्रा

तेघड़ा के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ज्ञान की देवी हंस वाहिनी मां सरस्वती की अराधना व पूजा अर्चना के बाद बुधवार को शिक्षण संस्थान एवं पूजा पंडाल के साथ घरों में स्थापित प्रतिमा का गाजे बाजे के साथ नम आंखों से विसर्जन किया गया। सोमवार को सरस्वती की पूजा मूर्ति स्थापित कर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में



की गयी थी। मंगलवार को खाली दिन रहने की वजह से अधिकांश संस्थानों, घरों व पूजा पंडालों में स्थापित माता सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन का दौर बुधवार को देर शाम तक चलता रहा। इससे पूर्व खोइछा बांध महिलाओं ने नम आंखों से भक्तों ने शारदे की विदाई की। इस दौरान अलग-अलग शिक्षण संस्थान संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा, सावित्री देवी मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय तेघड़ा सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जहां नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा अलग-अलग गीतों पर डांस कर दर्शकों के मन को मोहने में सफल रहें। वहीं अयोध्या मिथिला गंगा धाम घाट पर धूमधाम से पूजा अर्चना की गई थी। विसर्जन को लेकर भक्तों के द्वारा ट्रैक्टर, ठेला से प्रतिमा विसर्जन को ले जाने के दौरान जयकारे भी खूब लगाये गये। खासकर भोजपुरी के भक्तिगीतों पर युवाओं ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर नाचते और गाते मां सरस्वती को विदा किया। गाजे बाजे के साथ क्षेत्र के स्थानीय तालाब, पोखर , गंगा नदी एवं बालन के विभिन्न घाटों पर जय घोष के बीच पूजा समितियों द्वारा शांतपूर्ण ढंग से छठ घाटों व तालाबों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## सार-संक्षेप

### मंसूरचक पीएचसी में 15 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण ऑपरेशन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**मंसूरचक(बेगूसराय)**मंसूरचक पीएचसी मे गुरुवार को कैम्प लगाकर महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया है। वहीं एक पुरुष नसबंदी और एक हाइड्रोसील ऑपरेशन किया गया। एमडीए राउंड के लिए 10 फरवरी को शुभारंभ होगा। कुपोषण मरीज की खोज जोर-शोर से की जा रही है। उक्त मौके शुशील कुमार,शौरव सुमन, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

### सरस्वती पूजा पर हथियार के साथ डांस पर पुलिस की करवाई







**(राष्ट्र संवाद ब्यूरो )अशोक कुमारठाकुर**

**भगवानपुर/ बेगुसराय** भगवानपुर थानान्तर्ग दिनांक-05.02.25 बुधवार को सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वायरल वीडियों के आधार पर भगवानपुर थाने की पुलिस टीम के द्वारा सूचना का सत्यापन एवं जॉचोपरान्त संलिप्त आरोपी कुंदन कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पे०-दिनेश पासवान सा०-भाटिया थाना-भगवानपुर जिला-बेगूसराय के घर पर छापेमारी कर पकड़ा गया तथा विधिवत तलाशी में 01 देशी कट्टा बरामद किया गया जिसे विधिवत जप्त करते हुए पकडाए आरोपी से पूछताछ करने पर फायरिंग किए जाने के संबंध में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया।तत्पश्चात पुलिस टीम के द्वारा पकड़ाए आरोपी कुंदन कुमार को विधिवत गिरफ्तार करते हुए विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस बात की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ0 रविंद्र मोहन प्रसाद ने प्रेस वार्ता में बताई।

### हथियार के साथ शोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अपराधी गिरफ्तार




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बछवाड़ा /बेगुसराय** बछवाड़ा थानान्तर्गत सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वायरल वीडियों के आधार पर बछवाड़ा थाने की पुलिस टीम के द्वारा सूचना/आसूचना का संकलन एवं सत्यापन करते हुए त्वरित कार्रवाई में संलिप्त आरोपी को ग्राम-रुदौली स्थित स्टेट टयूबल के पास से (01.) मनीष कुमार उर्फ मिठू कुमार झा उम्र करीब-20 वर्ष पे०-दीनानाथ झा सा०-रुदौली थाना-बछवाड़ा एवं इनके सहयोगी साथी (02.) गौरव कुमार झा उर्फ प्रिंस कुमार झा उर्फ गब्बर उम्र करीब 22 वर्ष पे० शिवशंकर झा सा०- रुदौली थाना-बछवाड़ा व (03.) सुमित कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पे०-स्व० दीनो पासवान, सा०-गेहूंनी थाना-भगवानपुर सभी जिला- बेगूसराय को पकड़ा गया तथा विधिवत तलाशी में 02 देशी कट्टा एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामद अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस को विधिवत जप्त करते हुए पकड़ाए तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन खेल मंत्री को सौंपा



**(राष्ट्र संवाद ब्यूरो)अशोक कुमार ठाकुर**

फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के बैनर तले डीलरों ने 6 फरवरी गुरुवार को अपनी आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता को किरतौल अवस्थित आवास पर संगठन के पदाधिकारीयों ने सौंपा। साथ ही डीलरों ने कहा कि पटना के गर्दनीबाग में हमारे बुजुर्ग डीलर अंबिका यादव पिछले 20 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठे हें । लेकिन सरकार की ओर से अब तक उनसे वार्ता करने के लिए नहीं पहुंचे हें। जो काफी निंदनीय है। संगठन के जिला अध्यक्ष गंगाधर झा, जिला संगठन मंत्री सुनील सिंह एवं जिला संयुक्त सचिव विकास कुमार ने बताया कि हम सभी डीलर अंबिका यादव के समर्थन और उनके प्रदर्शन को मजबूत करने को लेकर एक फरवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हें । जब तक हमारी मांगों को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं की जाती है। तब तक हमारा हड़ताल यूं ही जारी रहेगा। हालांकि खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने डीलरों से बात करते हुए आश्वस्त किया कि जहां तक हो सकेगा आपकी मांगों पर विचार किया जाएगा आपकी हर मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। जहां तक हो सकेगा इस पर सकारात्मक पहल भी की जायेगी। जिला कोषाध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद सिंह, जिला संगठन मंत्री रामसागर चौधरी ने कहा कि जन वितरण विक्रेता बार-बार धरना प्रदर्शन कर रहे हें ।लेकिन अभी तक सरकार मांग को पूरा नहीं कर रही है । विक्रेता भुखमरी की कगार पर हें। पैसा के अभाव में बच्चों की पढ़ाई तथा बीमारी की दवाई बाधित हो रही है । इस अवसर पर बरौनी प्रखंड सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजकुमार पासवान, बछवाड़ा प्रखंड सचिव अनिल कुमार झा, भगवानपुर के प्रमोद कुमार राय, तेघड़ा कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, मंसुरचक के विद्यासागर पासवान,मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुमार, दुनिया लाल महतो, दीपक कुमार ,परमानंद साह। मनोज पासवान ,अवध पासवान सहित भारी संख्या में जन वितरण विक्रेता उपस्थित थे।

### बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पहुंचे प्रयागराज

**पटना/ प्रयागराज,।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज पहुंचे। अरैल स्थित स्वामी चिदानंद सरस्वती के शिविर परमार्थ निकेतन आश्रम में उनका स्वागत किया गया। अरैल घाट पर आयोजित गंगा आरती में उन्होंने हिस्सा भी लिया।प्रयागराज पहुंचने पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत की संस्कृति का मूल आधार भारत की आस्था व भक्ति की शक्ति में निहित है।

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि ह्यमहाकुंभ भारत का केवल प्रतीक ही नहीं बल्कि यह उसको अपने आप में समावेश करने वाला है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

नेशनल गेम्सः

# बलराज पंवार चमके, पुरुष एकल स्कल में जीता स्वर्ण पदक



**टिहरी (उत्तराखंड), एजेंसी।** मध्य प्रदेश को उभरती हुई नौकाचालक खुशप्रीत कौर ने 8:40.35 के समय के साथ महिला एकल स्कल में पहला स्वर्ण दिलाया। महाराष्ट्र की मृण्मयी नीलेश (8:47.65) और अंडमान और निकोबार की अमृता मिंज (8-48.18) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

पिछले साल चीन में एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूकने वाले पेरिस ओलंपियन बलराज पंवार ने बुधवार को राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की एकल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा में जन्मे पंवार ने सेना के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए सात मिनट और 26.68 सेकंड में दो किमी की दूरी पूरी कर अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया।

उत्तराखंड के नवदीप सिंह (7:41.17) और महाराष्ट्र के गुरु प्रताप सिंह (8:04.01) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन पंवार ने पिछले साल हांग्झोऊ एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। पंवार ने 2023 गोवा राष्ट्रीय खेलों में 6:28.5 के समय के साथ पुरुष एकल स्कल स्वर्ण जीता था। मध्य प्रदेश को उभरती हुई नौकाचालक खुशप्रीत कौर ने 8:40.35 के समय के साथ महिला एकल स्कल में पहला स्वर्ण दिलाया। महाराष्ट्र की मृण्मयी नीलेश (8:47.65) और अंडमान और निकोबार की अमृता मिंज (8:48.18) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

**सुरुची को स्वर्ण, 10 मीटर एयर पिस्टल में हरियाणा का दबदबा**

हरियाणा की सुरुची ने बुधवार को राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 245.7 अंक के साथ महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की ही पलक ने 243.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बरार ने त्रिशूल निशानेबाजी रेंज में 218.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर क्वालीफाइंग दौर के बाद 598 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। स्पर्धा में 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें से आठ ने फाइनल में जगह बनाई। तोमर के अलावा सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के चैन सिंह (594), नीरज कुमार (591) और निशान बुद्धा (589), महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसाले (588), उत्तर प्रदेश के अखिल श्योराण (587), मध्य प्रदेश के गोल्डी गुर्जर (587) और एसएससीबी के गंगा सिंह (587) ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स स्पर्धा का फाइनल बृहस्पतिवार को होगा।

इंडिया-इंग्लैंड पहला एकदिवसीय

## भारत ने इंग्लैंड को 248 रन पर किया ढेर, बटलर-बेथेल के अर्धशतक



**नागपुर, एजेंसी।** वनडे सीरीज के पहले मैच में भारत ने इंग्लैंड को 47.3 ओवर में 248 रन ढेर कर दिया। जोस बटलर और जैकब बेथेल के अर्धशतकों की बदौलत इस स्कोर तक पहुंच सका। अब भारत के सामने जीत के लिए 249 रन का लक्ष्य है। बटलर और बेथेल के अलावा फिल सॉल्ट (43) ने तीसरी सबसे बड़ी पारी खेली।

भारत की तरफ से हर्षित राणा और रविंद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट अपने नाम किए। टी20 सीरीज 4-1 से अपने नाम करने के बाद अब भारत नागपुर में जीत से वनडे श्रृंखला की शुरूआत करना चाहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विराट कोहली घुटने की समस्या के कारण पहला वनडे नहीं खेलेंगे। इसी के साथ ही ऋषभ पंत को भी बाहर रखा गया है और उनकी जगह विकेटकीपर के रूप में केएल राहुल को मौका मिला है। इंग्लैंड ने पहला विकेट फिल साल्ट का गंवाया जो 43 रन पर श्रेयर अय्यर और केएल राहुल की बदौलत रन आउट हुए।

बेन डकेट और हैरी ब्रूक को हर्षित राणा ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। डकेट ने 29 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली जबकि ब्रूक खाता खोलने में नाकाम रहे। जो रूट 19 रन पर जडेजा का शिकार बने और एलबीडब्ल्यू हुए। बटलर 52 रन की शानदार पारी खेलकर अक्षर की गेंद पर पांड्या के हाथों कैच आउट हुए। हर्षित ने अपना तीसरा विकेट लियाम लिविंगस्टोन का लिया जो 5 रन पर अभी मैदान पर पैर जमाने की कोशिश में थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहला विकेट लेते हुए ब्रायडन कार्से को 10 रन पर बोल्ड किया।

एलेक्स हेल्स ने किया बड़ा कमाल

## टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बने दूसरे बल्लेबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज एलेक्स हेल्स टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए. हेल्स इन दिनों इंटरनेशनल लीग टी20 में डेजर्ट वाइपर के लिए खेल रहे हैं. टूर्नामेंट का पहला क्वालीफायर डेजर्ज वाइपर और दुबई कैपिटल्स के बीच खेला गया. इसी मुकाबले में हेल्स टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने. मुकाबले में हेल्स ने 32 गेंदों में 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 67 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसकी बदौलत उन्होंने पोलार्ड का रिकॉर्ड धराशाई किया.

हेल्स ने अपने टी20 करियर में 13,558 रन बना लिए हैं. वहीं वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड ने अपने टी20 करियर में 13,537 रन स्कोर कर लिए हैं. बताते चलें कि पोलार्ड भी इंटरनेशनल लीग टी20 में खेल रहे हैं. पोलार्ड एमआई एमिरेट्स के लिए खेल रहे हैं. टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल 14,562 रनों के साथ अव्वल नंबर पर हैं. हेल्स ने मई, 2009 में टी20 डेब्यू किया था. वहीं पोलार्ड ने जुलाई 2006 में टी20 डेब्यू किया था. हेल्स ने अब तक 492 टी20 मुकाबले खेले हैं, जबकि पोलार्ड ने 695 मुकाबले खेल लिए हैं. इस लिहाज से हेल्स कम वक्त और कम मुकाबलों में पोलार्ड से ज्यादा टी20 रन बना लिए.

### इंटरनेशनल लीग टी20 में क्वालीफायर मैच हारी हेल्स की टीम

क्वालीफायर मुकाबले में एलेक्स हेल्स की टीम डेजर्ट वाइपर को दुबई कैपिटल्स के सामने 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. मुकाबले में दुबई कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बैटिंग करने उतरी डेजर्ट वाइपर ने 20 ओवर में 189/7 रन बोर्ड पर लगाए. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुबई कैपिटल्स ने 20 ओवर में 193/5 रन बनाकर 5 विकेट से जीत अपने नाम कर ली. इस दौरान टीम के लिए गुलबदीन नायब ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 39 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 62 रन स्कोर किए.

रिटायरमेंटः

## मार्कस स्टोइनिस ने वनडे से अचानक लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने आश्चर्यजनक रूप से तत्काल प्रभाव से एक दिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा कि स्टोइनिस टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि 50 ओवर के प्रारूप से संन्यास लेने का उनका फैसला टी20 क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए है।

वनडे से स्टोइनिस के संन्यास का मतलब यह भी है कि सीए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करेगा। स्टोइनिस ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट खेलना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और मैं टीम की जर्सी में बिताए हर पल के लिए आभारी हूं। उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए काफी खास है। जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। स्टोइनिस ने एक बयान में कहा, यह कोई आसान फैसला नहीं था, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे लिए वनडे से दूर रहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय है। रॉन (एंड्रयू मैकडोनाल्ड) के साथ मेरे शानदार संबंध हैं और मैं उनके सपोर्ट की बहुत सराहना करता हूं। मैं पाकिस्तान में टीम का उत्साहवर्धन करूंगा। स्टोइनिस का ऑस्ट्रेलिया ने वनडे करियर की शुरुआत 2015 में ओल्ड ट्रैफर्ड से की थी। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर ऑल राउंडर बल्ले और गेंद से जौहर दिखाया। इसी दौरे पर उन्होंने अपना पहला टी20 मैच भी खेला था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में खुद को स्थापित करने के लिए उन्हें अगले साल तक इंतजार करना पड़ा, जो उन्हें ईडन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 146 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर मिला।

हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, स्टोइनिस भारत में 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम का हिस्सा थे और उन्हें 2018-19 में देश का वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। वह पिछले एक दशक से हमारे वनडे सेटअप का अहम हिस्सा रहे हैं। वह न केवल एक अमूल्य खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि टीम में शामिल होने वाले एक अविश्वसनीय व्यक्ति भी हैं। वह एक स्वाभाविक लीडर, एक असाधारण लोकप्रिय खिलाड़ी और एक महान व्यक्ति हैं। उन्हें उनके वनडे करियर और उनकी सभी उपलब्धियों के लिए बधाई दी जानी चाहिए। चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से सिर्फ दो सप्ताह पहले स्टोइनिस के वनडे से संन्यास लेने और पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के चोटिल होने की चिंताओं के मद्देनजर सीए ने कहा कि राष्ट्रीय चयन पैनल (एनएसपी) श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम को अंतिम रूप देगा। ऑस्ट्रेलिया पहले ही ऑलराउंडर मिशेल मार्श को पीठ की चोट के कारण खो चुका है और स्टोइनिस के वनडे से बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया के पास बेस्ट 15 का चयन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 फरवरी तक आईसीसी को 15 सदस्यीय टीम का नाम सौंपना है।

## 2028 ओलंपिक की तैयारी, ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर प्रतिबंध के लिए आईओसी पर दबाव डालेगा ट्रंप प्रशासन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रांसजेंडर एथलीटों के खिलाफ अपनी लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति तक ले जाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को महिला खेलों में ट्रांसजेंडर एथलीटों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन चाहता है कि लॉस एंजिलिस में 2028 के ग्रीष्मकालीन खेलों से पहले आईओसी ओलंपिक और इस बिल्कुल हास्यास्पद विषय से जुड़ी हर चीज को बदल दे। पात्रता लिंग के मुताबिक निर्धारित की जाती है. यह आदेश राज्य के सचिव के कार्यालय को आईओसी पर ओलंपिक खेल



आयोजनों को नियंत्रित करने वाले मानकों में संशोधन करने के लिए दबाव डालने का अधिकार देता है। इसके मुताबिक, महिला एथलीटों की निष्पक्षता, सुरक्षा और सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देना सर्वोपरि है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं के खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए पात्रता लिंग के मुताबिक निर्धारित की जाती है, न कि लिंग पहचान या टेस्टोस्टेरोन में कमी के अनुसार।

आदेश में राज्य सचिव और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग से महिलाओं के खेलों में भाग लेने के इच्छुक पुरुषों को अमेरिका में प्रवेश की अनुमति देने वाली नीतियों की आवश्यकतानुसार समीक्षा और समायोजन करने के लिए भी कहा गया है।

### लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयारः पीसीबी



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम 117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए तैयार है। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्टेडियम में अब बेहतर सुविधाएं, नई फ्लडलाइट्स, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स, अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड और शीर्ष स्तर के एलईडी टावर हैं।

पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा, 'मैं उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद स्टेडियम को समय पर तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया। हाल ही में यह बताया गया था कि पीसीबी काम पूरा करने में कम से कम पांच सप्ताह पीछे चल रहा है। पीसीबी को 12 फरवरी तक स्टेडियम को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को सौंपना है क्योंकि टूर्नामेंट एक सप्ताह बाद शुरू होगा। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ शुक्रवार को एक समारोह के दौरान स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे जहां अली जफर, आइमा बेग और आरिफ लोहार जैसे प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे।

चैंपियंस ट्रॉफीः

## अंपायर नितिन मेनन का पाकिस्तान जाने से इनकार, रैफरी श्रीनाथ ने भी छुट्टी मांगी, कहा- 4 महीने से परिवार से दूर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व गेंदबाज और आईसीसी रेफरी जवागल श्रीनाथ और अंपायर नितिन मेनन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएंगे। मेनन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। वहीं, श्रीनाथ ने एक अखबार से बातचीत में कहा है कि उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान आईसीसी से छुट्टी मांगी थी क्योंकि वह पिछले चार महीनों से सीरीज के लिए घर से बाहर थे। टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होना है। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में खेली जा रही है। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। नितिन मेनन नहीं जाएंगे पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के बताया, मेनन ने पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया है। उन्होंने निजी कारणों से अपना नाम वापस ले लिया। मेनन आईसीसी नियमों के कारण दुबई में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। नियमों के मुताबिक दो टीमों के बीच किसी भी मैच में अपने-अपने देश के अंपायर नहीं हो सकते। भारत सभी मैच दुबई में खेलेगा, ऐसे में वह इन मैचों में अंपायरिंग नहीं कर सकते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी मेनन को चैंपियंस ट्रॉफी रोस्टर में रखना चाहती थी, लेकिन उन्होंने निजी कारणों से पाकिस्तान की यात्रा न करने का फैसला किया।

नितिन मेनन का करियर नितिन मेनन ने अब तक 40 टेस्ट में अंपायरिंग की है। इनमें वह 30 बार मैदान और 10 बार टीवी अंपायर रहे। वनडे में मेनन 75 मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं। वहीं, टी-20 में भी उन्होंने 75 मैचों में अंपायरिंग की है। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 अंपायरों और 3 मैच रेफरी की लिस्ट जारी की मेनन के इंकार करने के बाद आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंपायरों की लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में 12 अंपायर और 3 मैच रेफरी के नाम का ऐलान किया है। जिसमें कोई भी भारतीय शामिल नहीं है। हालांकि, आईसीसी ने मेनन पर कोई टिप्पणी नहीं की। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, 12 अंपायरों का एक पैनल आठ टीम के इस टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेगा जिसमें से छह अंपायर 2017 में शामिल थे।

# इधर काव्या मारन ने 1000 करोड़ किए खर्च, उधर मिल गई गजब गुड न्यूज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** काव्या मारन के लिए 5 फरवरी 2025 लाजवाब गुजरा. क्योंकि, इस दिन एक नहीं बल्कि दो गुड न्यूज उनकी झोली में गिरी. एक तरफ जहां उन्होंने 1000 करोड़ रुपये खर्च कर इंग्लैंड की लीग 'द हण्ड्रेड' में टीम खरीदी. वहीं दूसरी ओर साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग में हिचकोले खा रही उनकी टीम को फाइनल में पहुंचने का रास्ता मिल गया है.

उसने 5 फरवरी को एलिमिनेटर मुकाबला जीतकर अपने फाइनल खेलने और तीसरी बार चैंपियन बनने की उम्मीदों को जिंदा रखा है. एसए-20 में काव्या मारन की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने एलिमिनेटर मैच में जोबर्ग सुपरकिंग्स को शिकस्त दी.

**चले कप्तान, काव्या मारन की टीम की बढ़ी शान**

एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने पहले बल्लेबाजी की थी. उसने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन बनाए थे. सनराइजर्स की ओर से उसके कप्तान एडन मारक्रम ने कमाल की नाबाद पारी खेली और सबसे ज्यादा 40 गेंदों पर 62 रन बनाए. कप्तान मारक्रम की इनिंग में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. सनराइजर्स की बल्लेबाजी की खूबी ये रही कि उसके हरेक बल्लेबाज ने डबल डिजीट





में स्कोर किया. अब जोबर्ग सुपरकिंग्स के सामने जीत के लिए 185 रन बनाने का लक्ष्य था. मगर वो इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन ही बना सके और 32 रन से मुकाबला हार गए.

अब जैसा कि मुकाबला ही एलिमिनेटर था तो इसमें हार के साथ ही जोबर्ग सुपर किंग्स खिताब की रेस से बाहर हो गई. वहीं जीत के साथ सनराइजर्स ईस्टर्न कैप को क्वालिफायर 2 खेलने का लाइसेंस मिल गया, जिसे जीतकर उसके पास फाइनल में जाने का मौका होगा. सनराइजर्स को एलिमिनेटर में मिली जीत के हीरो खुद उसके कप्तान एडन मारक्रम बने.

### नॉर्दन सुपरचार्जर्स में 100 फीसद हिस्सेदारी खरीदी

काव्या मारन की एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप का एलिमिनेटर जीतना दोहरी खुशी जैसा रहा. इसी तरह की खुशी उन्हें इंग्लैंड की द हण्ड्रेड लीग में टीम खरीदकर मिली है. उन्होंने 100 गेंदों वाली लीग में नॉर्दर्न सुपर चार्जर्स की 100 फीसद हिस्सेदारी करीब 1000 रुपये खर्च कर खरीदी है. काव्या मारन आईपीएल से जुड़ी तीसरी ऑनर हैं, जिन्होंने द हण्ड्रेड में टीम खरीदी हैं.